दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। रविवार 19 मई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 219 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# जेल का खेल न खेलें पीएम : अरविंद केजरीवाल

## कहा, मेरे पीए के साथ भी यही किया, मैं आज सभी नेताओं संग पीएम कार्यालय जाऊंगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को शाम पांच बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोला। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कल दोपहर 12 बजे भाजपा मुख्यालय अपने सभी विधायकों और एमपी व पार्टी के सभी बड़े नेताओं के साथ आ रहे हैं। पीएम मोदी जिस-जिस नेता को गिरफ्तार करना चाहते हैं उन्हें गिरफ्तार कर सकते हैं। यह आप के सभी नेताओं को जेल में डालना चाहते हैं। आज मेरे निजी सचिव के साख भी यही किया। अब सौरभ, आतिशी को जेल में डालना चाहते हैं। प्रधानमंत्री, एक-एक करके क्या आप हम लोगों को गिरफ्तार कर रहे हैं? एक साथ सभी को गिरफ्तार कर लीजिए।

आप देख सकते हैं कि वे किस तरह से 'आप' के पीछे पड़े हैं। मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहूंगा। आप यह 'जेल का खेल' खेल रहे हैं। कल मैं अपने सभी शीर्ष नेताओं, विधायकों, सांसदों के साथ दोपहर 12 बजे भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं। आप जिसे चाहें जेल में डाल सकते हैं। 'आप' एक पार्टी नहीं बल्कि विचार है। हालांकि अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वाति मालीवाल को लेकर कुछ भी नहीं कहा।

इससे पहले माना जा रहा था कि केजरीवाल अपने निजी सचिव बिभव कुमार को लेकर अपनी देश के सामने रखेंगे। बता दें कि आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी के मामले में बिभव कुमार को आज ही दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद बिभव ने तीस हजारी कोर्ट ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका दायर की जहां से उन्हें राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी।




केजरीवाल और बिभव की दोस्ती वर्षों पुरानी है। साल 2015 में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बने बिभव कुमार लंबे समय से सीएम के साथ हैं। बिभव का ताल्लुक बिहार से है। पार्टी सूत्र बताते हैं कि अरविंद केजरीवाल के साथ बिभव की दोस्ती वर्षों पुरानी है।

बिभव कुमार वीडियो जर्नलिस्ट के तौर पर काम किया करते थे। उनकी मुलाकात अरविंद के साथ हुई और वह इंडिया अगेंस्ट करप्शन मैग्जीन के लिए काम करने लगे। इंडिया अगेंस्ट करप्शन संस्था ने ही साल 2011 में देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था। बिभव शुरू से ही अरविंद के रोजाना के कार्यक्रम व दूसरे काम को देख रहे थे। सरकार बनने के बाद भी वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दैनिक काम देखा करते थे। हालांकि सतर्कता विभाग ने कुछ सप्ताह पहले ही उनकी नियुक्ति को रद्द कर दिया था।

बिभव कुमार ने भी शुक्रवार को स्वाति मालीवाल के खिलाफ ई-मेल से शिकायत दी थी। उन्होंने सिविल लाइंस के एसएचओ और उत्तरी जिले के डीसीपी को शुक्रवार को ई-मेल किया। इसमें उन्होंने स्वाति मालीवाल पर उनके और सुरक्षाकर्मियों के साथ बदसलूकी करने को लेकर शिकायत दर्ज करवाई है। बिभव का कहना है कि स्वाति मालीवाल बिना किसी की अनुमति के जबरदस्ती मुख्यमंत्री आवास में घुस गई थीं। जब उनको आवास में मौजूद पुलिसकर्मियों ने रोका तो उन्होंने उन सभी को धमकी दी। उनसे ऊंची आवाज में बहस की। मालीवाल के सभी आरोप निराधार हैं। शिकायत में यह भी लिखा कि स्वाति सीएम के ड्राइंग रूम में जबरदस्ती घुसी थीं। उन्होंने ने इसका विरोध किया और सामने खड़े हो गए। इस पर स्वाति ने उन्हें धक्का देने की कोशिश की। उनका इरादा मुख्यमंत्री केजरीवाल को फंसाने का था। हालांकि बताया जा रहा है कि बिभव की शिकायत पर अभी तक दिल्ली पुलिस ने संज्ञान नहीं लिया है।

# देश को बर्बाद कर रहा इंडी गठबंधन : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी दिल्ली में पहली जनसभा को संबोधित किया। उत्तर पूर्वी दिल्ली के करतार नगर इलाके में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता के लिए मेरा पल-पल और कण-कण है। 50 साल पहले घर छोड़कर निकला था। वहीं पीएम ने जनसभा में इंडी गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में इंडी गठबंधन के नेता जेल जा रहे हैं। पीएम ने दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की।

दिल्ली की रैली में पीएम मोदी ने इंडी गठंबधन को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये मौका परस्त गठबंधन तुष्टिकरण के लिए देश में हिंसा भी फैला सकता। याद कीजिए, जब सीएए कानून आया था, तब इन्होंने महीनों के लिए दिल्ली को बंधक बना दिया था। पहले रास्ते रोके, फिर दंगे कराए। लेकिन आज इनके झूठ का पदार्फाश हो चुका है। दिल्ली में वर्षों से रह रहे शरणार्थियों को नागरिकता मिल रही है।

### पीएम ने कांग्रेस पर तंज कसा

कांग्रेस की चार पीढ़ियों ने दिल्ली पर राज किया। लेकिन आज इनमें दिल्ली की चार सीट पर लड़ने की ताकत नहीं रही। कांग्रेस वहां भी नहीं लड़ पा रही है, जहां इनका 10 जनपथ का दरबार है। आजादी के बाद देश के जवान 'नेशनल वार मेमोरियल' की मांग करते रहे। देश का दुर्भाग्य देखिए, जब तक मोदी नहीं आया, देश की सरकारों को देश के वीर जवानों के सम्मान में 'वार मेमोरियल' बनाने का महत्व समझ नहीं आया। देश में लोगों की रक्षा करते-करते करीब 35 हजार पुलिस के जवान शहीद हुए हैं। दुनिया में कोई भी जगह हो, इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, इन्वेस्टमेंट लेकर आता है।

# बीजेपी का नया कुनबा देगा कितना सियासी माइलेज

**विस्तार के पक्षधर नेताओं का ये मानना है कि अगर सत्ता में आना है और मजबूत तरीके से आना है तो समीकरण को हर स्तर पर साधना होगा।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा ने लोकसभा चुनावों में एक बार फिर से अपने कुनबे का विस्तार किया है। उसने पश्चिम यूपी की सियासत में आरएलडी को साथ लेकर चुनाव लडा है। यूपी की सत्ता में आरएलडी की भागीदारी की है। अब उसने कुनबा एक्सटेंशन किया है और कई समाजवादी और बसपाई नेता इस चुनाव में भाजपाई हो गए हैं। बीजेपी ने कुनबा तो बढ़ा लिया लेकिन ये नए भाजपाई उसे कितना सियासी माइलेज देंगे इस को लेकर बीजेपी में चर्चा है। यहां एक लॉबी इस कुनबा विस्तार से ही सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि जब हमने काम किया है, जब राम हमारे है जब हम जमीनी स्तर पर मजबूत है तो फिर ये विस्तार कोई जरूरी नहीं था। वही कुनबा विस्तार के पक्षधर नेताओ का ये मानना है कि अगर सत्ता में आना है और मजबूत तरीके से आना है तो समीकरण को हर स्तर पर साधना होगा। बीजेपी को केवल जीत नही चाहिए यहां बीजेपी को सबसे बड़ी जीत चाहिए। अब भाजपा में बड़ी संख्या में दूसरे दलों के नेता भाजपाई बन कर आ गए हैं। इनमे कई नेता अपने क्षेत्र में अपना प्रभुत्व कायम किए हुए है। इन नेताओ का लाभ बीजेपी को मिलेगा।

# क्या बदलेगी हिंडन नदी की तस्वीरें, नगर आयुक्त ने बनाई है 09 नालों के प्रदूषण को लेकर स्पेशल स्कीम

## बायोरेमेडीएशन की कार्रवाई को तेज करने के लिए जलकल विभाग को निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हिंडन नदी गाजियाबाद की बड़ी और प्रमुख नदी में से एक है, लेकिन इसके प्रदूषण की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। हिंडन नदी का पानी साफ हो और इसमें पालने वाले जीव लंबा जीवन जी सकें। इसको लेकर हिंडन नदी की स्वच्छता पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने प्रदूषण कम करने को लेकर कर योजना बनाई है। इसके लिए शहर के 10 प्रमुख नालों के पॉल्यूशन सोर्स मैपिंग कर गंदगी रोकने और बायोरेमेडीएशन की कार्रवाई को तेज करने का निर्देश भी दिया गया है। दरअसल हिंडन नदी में शहर के कई प्रमुख नालों का गंदा पानी भी जाता है। उसको रोकने के लिए भी कार्य योजना बनाई गई है। इसमें स्वास्थ्य विभाग ,जलकल विभाग, निर्माण विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, जल निगम के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है ताकि हिंडन नदी के पानी को साफ बनाया जा सके और ऐतिहासिक हिंडन नदी के इतिहास को जीवित रखा जाए।



### इन 09 स्थानों पर विशेष रहेगा निगम का ध्यान





करंट क्राइम : हिंडन नदी शहर के प्रमुख इलाकों से होकर गुजरती है लेकिन बीते कुछ दशकों में इसका प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक हो चुका है। इसमें पलने वाले जीव लंबा जीवन नहीं जी का रहे हैं। साथ ही दूषित पानी लोगों के लिए भी परेशानी का सब बन रहा है। हिंडन को साफ करने के लिए कई योजनाएं और अभियान चलाए गए लेकिन वह कारगर नहीं हो सके। अब पॉल्यूशन सोर्स मैपिंग ऑफ रिवर हिंडन को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की जो बैठक हुई है, इसमें हिंडन विहार, सिटी फॉरेस्ट, कैलाभट्टा, नंदग्राम, डासना, प्रताप विहार, राहुल विहार, अर्थला करहैड़ा के नाले से जो सीधे हिंडन नदी से कनेक्ट है। उनकी विशेष सफाई करने के लिए योजना बनाई गई है। जिससे आसपास के क्षेत्र से आने वाले गोबर की रोकथाम की जा सके। इसके लिए गंदगी पर अंकुश लगाने और खुले में गोबर न फेंकने साथ ही नालों को पूर्ण रूप से साफ करने ,उनकी सिल्ट को निकालने और सिल्ट का निस्तारण करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए हैं। जलकल विभाग को बायोरेमेडीएशन के कार्य को वृहद स्तर पर चलाने का जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया है। साथ ही इस पूरे मामले में शासन को भी पत्राचार किया जा रहा है।

### हिंडन नदी को साफ करना है बड़ी चुनौती



करंट क्राइम : हिंडन नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए लगातार अभियान लोकल और शासन स्तर पर चलाए जाते हैं। साफ-सफाई को लेकर लगातार इस पर कार्रवाई भी होती है लेकिन प्रमुख त्यौहार छठ पूजा और अन्य अवसरों पर भी हिंडन की सफाई के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं। बावजूद इसके हिंडन की दशा और दिशा सुधार नहीं रही है। हिंडन नदी पहले की तुलना में और अधिक दूषित होती जा रही है। इसके बावजूद एक बार फिर जिस प्रकार से नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा हिंडन को साफ बनाने के लिए अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक और प्लानिंग की गई है, उसे हिंडन की सफाई को लेकर फिर नई उम्मीद जगी है। बताया गया है कि हिंडन नदी की साफ सफाई को लेकर जो बैठक हुई उसमें मुख्य रूप से नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, अपर नगर आयुक्त अभिनेंद्र कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# राजनाथ सिंह के चुनाव को लेकर दिख रहा है गाजियाबाद, नोएडा के भाजपाइयों में क्रेज
# सांसद, विधायक, पार्षद और महानगर अध्यक्ष के दिखाई दिए प्रचार करते हुए फेस

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये संबंधों की बयार है, ये एक बड़े नेता का व्यवहार है। ये यूथ आईकॉन नीरज सिंह और नोएडा विधायक पंकज सिंह का अपने समर्थकों से प्यार है कि चुनाव लखनऊ में हो रहा है और प्रचार की बहार नोएडा और गाजियाबाद से दिखाई दे रही है। राजनाथ सिंह देश के रक्षा मंत्री हैं वो लगातार तीसरी बार लखनऊ लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। ये उनका जादूई व्यक्तित्व है, ये उनका एक कद है ये उनका सम्मान है कि चुनाव लखनऊ में हो रहा है और प्रचार के लिए गाजियाबाद के भाजपाईयों ने डेरा डाल लिया है। वरिष्ठ नेताओं से लेकर युवा नेताओं तक और संगठन के अध्यक्ष से लेकर पूर्व पार्षद लखनऊ पहुंच गये हैं। वो चुनाव प्रचार कर रहे हैं। हालांकि हर बार ऐसा होता है जब राजनाथ सिंह चुनाव लड़ते हैं तो गाजियाबाद के भाजपाई लखनऊ में डेरा डाल लेते हैं। वो राजनाथ सिंह के लिए वहां के क्षेत्रों में वोट मांगते हैं चुनाव प्रचार करते हैं। ऐसा क्रेज अन्य किसी नेता के लिए दिखाई नहीं देता है। वहीं बताते है कि नोएडा की भी लगभग आधी भाजपा लखनऊ में मौजूद है। ये भाजपाई पंकज सिंह के समर्थक हैं और वो लखनऊ में चुनाव प्रचार में डटे हुए हैं।

**वरिष्ठ नेताओं से लेकर युवा नेताओं तक और संगठन के अध्यक्ष से लेकर पूर्व पार्षद लखनऊ पहुंच गये हैं। वो चुनाव प्रचार कर रहे हैं।**

### कोई चंडीगढ़ से तो कोई बनारस से आ गया प्रचार करने

करंट क्राइम। अगर दिलों में प्यार है तो फिर दल वाले दूरियां नहीं देखते। ये भी एक क्रेज है कि लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग चंडीगढ़ वाली चुनावी ड्यूटी को छोडकर लखनऊ में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। उन्होंने कहा भी कि वो पहले क्लास में बंक मारते थे और अब चुनावी ड्यूटी में बंक मारकर माननीय जी के चुनाव प्रचार में आये है। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की चुनावी ड्यूटी प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र बनारस में लगी है। वो बनारस से लखनऊ पहुंचे और चुनाव प्रचार में हिस्सा लिया। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा को रायबरेली में चुनाव प्रचार करना है लेकिन वो लखनऊ में राजनाथ सिंह के चुनाव प्रचार में पहुंचे। महामंत्री पप्पू पहलवान गर्मी के इस मौसम में लखनऊ में डटे हुए हैं चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सरदार सिंह भाटी, पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुनील यादव भी चुनाव प्रचार कर रहे हैं। गर्मी के इस मौसम में वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलदेवराज शर्मा चुनाव प्रचार कर रहे हैं।



### 10 साल बाद भी गाजियाबाद का है राजनाथ सिंह से लगाव

**करंट क्राइम।** राजनाथ सिंह वर्ष 2009 में गाजियाबाद से लोकसभा चुनाव लड़े थे। तब वो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। यहां से वो चुनाव जीते और वर्ष 2014 तक यानी पांच साल वो यहां से लोकसभा सांसद रहे और फिर वो लखनऊ से वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव लड़े। राजनाथ सिंह को गाजियाबाद छोड़े हुए 10 साल हो गये लेकिन ना तो गाजियाबाद ने राजनाथ सिंह को छोडा है और ना ही राजनाथ सिंह ने गाजियाबाद के भाजपाईयों को छोड़ा है। आज भी दिल्ली से लेकर लखनऊ तक गाजियाबाद के भाजपाईयों के लिए लखनऊ के दरवाजे खुले हैं। आज भी गाजियाबाद की भाजपा का लगाव राजनाथ सिंह से उतना ही है। दस साल बाद भी ये लगाव कम होने की बजाय बढ़ गया है। दूर रहकर और ज्यादा जुड़ाव है और जब राजनाथ सिंह अपना तीसरा लोकसभा चुनाव लड़ रहे है तब गाजियाबाद के भाजपाईयों का उत्साह चरम पर है।



### नीरज सिंह का है गाजियाबाद से अलग ही लगाव



करंट क्राइम। राजनाथ सिंह चुनाव लड़ रहे हैं और यहां अगर समर्थकों को श्रेणी में विभाजित करें तो यहां रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के समर्थक हैं। यहां यूथआईकॉन नीरज सिंह के समर्थकों की टोली है।

यहां पंकज सिंह के समर्थकों ने डेरा डाला हुआ है। राजनाथ सिंह लखनऊ से सांसद हैं और पंकज सिंह नोएडा से विधायक हैं। अगर गाजियाबाद की युवा भाजपा की बात करें तो यहां नीरज सिंह वो नाम हैं जो दिलों में भी सेव हैं और मोबाईल में भी सेव है। वो मोबाइल में और वो दिल में भी नीरज भैया के नाम से सेव है। नीरज सिंह का व्यवहार कुछ ऐसा है कि उनका गाजियाबाद से युवा भाजपाईयों में एक अलग ही क्रेज है। नीरज सिंह के समर्थकों में भी लखनऊ में डेरा डाला हुआ है। सबसे बड़ी बात ये है कि एक परिवार के प्रति ऐसा क्रेज बहुत कम दिखाई देता है।

# पीओके भारत का है और रहेगा, हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह



**झांसी।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पीओके भारत का है और रहेगा, हम उसे लेकर रहेंगे। शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बुंदेलखंड के झांसी में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का है, रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे। कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि पाकिस्तान को सम्मान दो। उनके पास एटम बम है। उनसे पीओके मत मांगो। मैं कहना चाहता हूं कि ये नरेंद्र मोदी की सरकार है। हम एटम बम से नहीं डरते। उन्होंने कहा कि चुनाव के चार चरण समाप्त हो चुके हैं। 4 चरण में मोदी जी 270 सीटें लेकर ट्रिपल सेंचुरी की ओर आगे बढ़ गए हैं। राहुल बाबा के इंडी अलायंस का सूपड़ा साफ हो गया है। अब ये निश्चित हो गया कि मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, इस चुनाव में एक तरफ 12 लाख करोड़ का घपला करने वाली राहुल बाबा एंड कंपनी है। दूसरी ओर 10 साल काम करने वाले पीएम हैं। एक ओर चांदी के चम्मच लेकर पैदा होने वाले राहुल बाबा और अखिलेश हैं, दूसरी ओर चाय बेचने वाले हमारे पीएम मोदी हैं। एक ओर गोली चलाने वाली समाजवादी पार्टी है, दूसरी ओर राम मंदिर बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी है। अमित शाह ने कहा कि यह देश के विकास का चुनाव है। यह चुनाव देश को सुरक्षित करने का है। ये चुनाव हमारे धर्म और संस्कृति की रक्षा का चुनाव है। ये चुनाव भारत को महान बनाने का चुनाव है। ये चुनाव देश के गरीबों का कल्याण करने का चुनाव है। ये चुनाव बुंदेलखंड की प्यास बुझाने का चुनाव है। एक जमाने में बुंदेलखंड से बाहुबली पूरे देश में जाते थे। आप तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बना दीजिए, हमारा बुंदेलखंड यहां से बाहुबली की जगह उद्योगपति पूरे देश में भेजने का काम करेगा। आगे कहा, मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद, योगी जी मुख्यमंत्री बने और उत्तर प्रदेश के विकास की शुरूआत हुई। एक जमाना था जब यूपी में देशी कट्टे बनते थे। लेकिन मोदी जी ने बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बनाया, अब यहां तोप के गोले बनते हैं। अमित शाह ने कहा कि पाकिस्तान ने अगर कोई भी गलती की, तो ये बुंदेलखंडी गोला पाकिस्तान पर गिरेगा और उसका सफाया कर देगा। कांग्रेस पार्टी देश को तोड़ना चाहती है। गृह मंत्री ने कहा कि उनके नेता कहते हैं कि दक्षिण भारत और उत्तर भारत, देश के 2 हिस्से कर दीजिए। मैं बताना चाहता हूं कि मोदी जी फिर से आने वाले हैं और मोदी जी के रहते कोई भी भारत को तोड़ नहीं सकता। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में एक ओर 12 लाख करोड़ के घपले घोटाले करने वाला इंडी अलायंस है। दूसरी और मोदी जी हैं, जो 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद पर हैं, लेकिन उन पर 25 पैसे का भी आरोप कोई नहीं लगा सकता।

# 9वीं फेल छात्र यूट्यूब की मदद से बनाने लगा नकली नोट, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। दरअसल, पुलिस ने एक शख्स और उसके साथी को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। नवी मुंबई गुन्हे शाखा के सहायक पुलिस आयुक्त अजय लांडगे ने बताया कि आरोपी 9वीं फेल है और वह यूट्यूब देख कर नकली नोट बनाना सीखा था। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से दो लाख रुपये से अधिक के नकली नोट बरामद किए गए हैं, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त अजय लांडगे ने बताया कि पुलिस को खबर मिली थी कि एक लड़का बाजार में नकली नोट चला रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने युवक को पकड़कर उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह यूट्यूब पर वीडियो देखकर नकली नोट बनाना सीखा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अब तक दो सौ, पांच सौ और एक सौ रुपये के नकली नोट बनाए थे और वह अब दस और बीस रुपये के नोट बनाने की तैयारी में था। पुलिस ने आरोपी के साथ-साथ उसके एक साथी को भी गिरफ्तार किया है। वहीं, इस मामले में शामिल एक आरोपी अभी फरार है। आरोपी बाजार में अब तक करीब एक लाख रुपये का नकली नोट चला चुका है। बाद में जब लोगों को शक हुआ तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद ये कार्रवाई हुई।

## न्यूज डायरी

### केजरीवाल का पीए बिभव दिल्ली का शाहजहां, केजरीवाल उसे बचा रहे हैं : भाजपा



**नई दिल्ली।** भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के मुद्दे पर आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी पर डर्टी पॉलिटिक्स करने का आरोप लगाया। शाजिया इल्मी ने कहा कि पूरी की पूरी आम आदमी पार्टी डर्टी पॉलिटिक्स करती है। ये पूरा का पूरा टूलकिट है, जो वीडियो बनाता है और फिर उसे तरोड़-मरोड़ कर गंदगी फैलाने का काम करता है। लेकिन, अब ये अपनी ही गंदगी में फंस गए हैं। अगर इस वीडियो में कुछ भी सच्चाई होती तो पहले भी बता सकते थे, पहले भी दिखा सकते थे। लेकिन, इस वीडियो को तब रिलीज किया गया है जब स्वाति मालीवाल का स्टेटमेंट रिकॉर्ड कर लिया गया, एफआईआर हो गई है। इस वीडियो के जरिए आतिशी सीएम केजरीवाल और उनके पीए बिभव को बचाने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल के संदेशखाली के शाहजहां शेख हैं, तो दिल्ली के विभव शाहजहां हैं। जिस तरीके से ममता बनर्जी शाहजहां को बचाती रही, उसी तरह सीएम केजरीवाल दिल्ली के शाहजहां बिभव को बचा रहे हैं। आतिशी की ओर से इस पूरे मामले को भाजपा का षड्यंत्र बताने पर उन्होंने कहा कि जिसने हाथापाई की वो आम आदमी पार्टी का है, जिसके साथ मारपीट हुई वो भी आम आदमी पार्टी से है और जिस महिला मंत्री ने वीडियो रिलीज किया वह भी आम आदमी पार्टी से है। जिसने शिकायत की वह भी आम आदमी पार्टी से है, जिसने इन शिकायतों को झूठा बताया, वह भी आम आदमी पार्टी से है, इसमें भाजपा का क्या लेना-देना है, मालूम नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा पर ठीकरा फोड़ना आम आदमी पार्टी की पुरानी आदत है। आतिशी ने कुछ दिन पहले भी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया था जिसमें उसको नोटिस भेजा गया है। उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा था कि भाजपा के लोग उनकी पार्टी के नेताओं को पैसे दे रहे हैं, बड़े-बड़े पद का प्रलोभन दे रहे हैं, बीजेपी हमें अप्रोच कर रही है, हमें यहां से हटाने की कोशिश हो रही है, ऑपरेशन लोटस चल रहा है। हमें अब तक इंतजार है कि वो हमारे नोटिस का जवाब दें, वह अभी तक कोई भी सबूत लेकर नहीं आई हैं। अगर उनके पास सबूत है तो वह पेश करें। उनकी आंखों से मक्कारी और झूठ झलक रही है। स्वाति मालीवाल के उस ट्वीट पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी जिसमें मालीवाल ने कहा था कि पार्टी में कुछ लोग कल आए हैं। जो उनके चरित्र का हनन कर रहे हैं, उन पर सवाल उठा रहे हैं। इल्मी ने कहा कि आतिशी और राघव चड्ढा जैसे लोग पार्टी में कल आए हैं। लेकिन, स्वाति मालीवाल पिछले 20 साल से केजरीवाल के साथ जुड़ी हैं। हमारे विचार नहीं मिलते, वह बात अलग है, लेकिन यह सच है कि वह पहले दिन से उनके साथ जुड़ी हैं। राइट फॉर इनफार्मेशन कैंपेन से ही स्वाति मालीवाल जुड़ी रही हैं, आतिशी कल आई हैं।

### तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में दहशत फैलाने वाला तेंदुआ पकड़ा गया



**चेन्नई।** तमिलनाडु में तिरुनेलवेली जिले के पापनासम इलाके से शनिवार को वन विभाग के अधिकारियों ने तेंदुए को पकड़ लिया। तेंदुए से लोगों में दहशत थी। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में तेंदुए की हरकतें कैद हो गईं। जिले के वोम्बैया पुरम गांव में तेंदुए ने एक बकरी पर हमला किया था। पापनासम वन क्षेत्र से लगे गांव में तेंदुआ घुस गया था। तमिलनाडु वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जाल बिछाकर तेंदुए को पकड़ लिया। अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए को जंगल के अंदर छोड़ा जाएगा। गांव में धान की खेती करने वाले मुथुसामी ने आईएएनएस को बताया, ➢हमें पता चला कि वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ लिया है। तेंदुए ने शुक्रवार को एक बकरी पर हमला किया था। हमारे पास भी पशु हैं, इसलिए हम भी चिंतित थे। हमने तेंदुए को पकड़ने के लिए तिरुनेलवेली जिले के अधिकारियों से शिकायत की थी।

### कांग्रेस आलाकमान के खिलाफ अधीर रंजन चौधरी का विद्रोही तेवर



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा के पांच बार के सदस्य अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के साथ पार्टी के चुनाव बाद के संबंधों के मुद्दे पर आलाकमान के खिलाफ विद्रोही तेवर दिखाया। पार्टी के भीतर आंतरिक कलह की जड़ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का शनिवार को लखनऊ में मीडियाकर्मियों को दिया गया वह बयान है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चुनाव के बाद सरकार गठन के लिए उठाए जाने वाले कदमों का फैसला चौधरी नहीं करेंगे। खड़गे ने कहा कि जरूरत पड़ने पार्टी आलाकमान फैसला करेगा। खड़गे ने कहा था कि नेताओं को पार्टी आलाकमान के फैसले के अनुरूप चलना होगा या उन्हें पद छोड़ना होगा। चौधरी ने खड़गे के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी का सदस्य होने के नाते वह आलाकमान का हिस्सा हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस आलाकमान तृणमूल कांग्रेस और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रति नरम रुख अपना सकता है, लेकिन चौधरी इसे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।

### झारखंड में पांचवें चरण में उन तीन सीटों पर मतदान

**रांची।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में झारखंड की जिन तीन सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में 20 मई को मतदान होने वाला है, वहां एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबला है। इन सीटों पर 2019 के चुनाव में भाजपा की कैसी आंधी चली थी, इसकी गवाही वोट के आंकड़े देते हैं। हजारीबाग में इसके उम्मीदवार जयंत सिन्हा ने 4 लाख 79 हजार 548, कोडरमा में अन्नपूर्णा देवी ने 4 लाख 55 हजार 600 और चतरा में सुनील सिंह ने 3 लाख 77 हजार 871 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की थी। इस बार इन सीटों पर एनडीए के लिए जहां 2019 की बेमिसाल जीत का रिकॉर्ड दोहराने का चैलेंज है, वहीं विपक्ष के सामने सवाल ये है कि वह यहां अपने पांव जमा पाता है या नहीं? चुनावी समीकरणों और मुकाबले में उतरे चेहरों पर गौर करें तो यह चुनाव 2019 के चुनाव से कई मायनों में अलग है। भाजपा ने तीन में से दो सीटों हजारीबाग और चतरा में पिछली बार रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज करने वाले सांसदों जयंत सिन्हा एवं सुनील सिंह का टिकट इस बार काट दिया है। इसकी वजह यह रही कि पार्टी के इंटरनल सर्वे में पाया गया कि इनके खिलाफ एंटी इनकंबेंसी है।

# ऋषिकेश के शिवाजी नगर में आश्रम में फटे 2 सिलेंडर, 3 गोवंश की मौत



**ऋषिकेश।** ऋषिकेश एम्स के पास शनिवार सुबह अचानक एक बड़ा हादसा हो गया। दो गैस सिलेंडर फटने से 3 गोवंशों की जलकर मौत हो गई, वहीं एक महिला बुरी तरह इस आग में झुलस गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। शनिवार को ऋषिकेश एम्स के पास शिवाजी नगर में बने एक गौ आश्रम से तेज धुंआ निकल रहा था। जिसके बाद वहां भीषण आग लग गई। जिसमें गौशाला में बंधे 3 गौवंश बुरी तरह जलकर मर गए। दरअसल यहां आश्रम मालिक ने अवैध रूप से कब्जा कर आश्रम बनाया है। जिसमें आकर मरीज और उनके तीमारदारों को ठहराया जाता है। जिस समय ये हादसा हुआ, उस समय करीब 12 लोग आश्रम के भीतर मौजूद थे। उन सभी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। साथ ही इस हादसे में एक साध्वी झुलस गई। फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि यहां शिवाजी नगर में मोनी बाबा नाम के एक व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर गौ आश्रम बना रखा है। यहां गोवंश ही नहीं बल्कि एम्स में आने वाले मरीज और उनके तीमारदारों को भी ठहराया जाता है, जिनका कुछ भी लेखा-जोखा आश्रम स्वामी के द्वारा नहीं रखा जाता। वहीं शनिवार सुबह रसोई में कुछ बनाया जा रहा था। इसी दौरान ये हादसा हो गया। साथ ही, हरिद्वार से एक साध्वी अपने माता पिता का इलाज करने के लिए ऋषिकेश एम्स में उन्हें भर्ती करवाने के लिए आई थी, लेकिन इस हादसे में वो झुलस गई। जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन न करने वाले डीएमके के जिला सचिव होंगे पदमुक्त



**चेन्नई।** लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन करने वाले डीएमके के जिला सचिव पद से हटाए जाएंगे। यह फैसला पार्टी मुख्यालय 'अन्ना अरिवलयम' में आयोजित एक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। पार्टी ने हाल ही में तमिलनाडु के सभी 39 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों का अध्ययन किया। इस दौरान कुछ सीटों पर कमजोरी नजर आई। पार्टी को 2019 के लोकसभा चुनाव की पुनरावृत्ति होने की उम्मीद कम है। उस दौरान पार्टी और उसके सहयोगियों ने 39 में से 38 सीटें जीती थीं। पार्टी को धर्मपुरी सीट पर खराब प्रदर्शन की आशंका है। यहां से पीएमके नेता सौम्य अंबुमणि ने एनडीए उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा है। इसी तरह थेनी में, अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) के टीटीवी दिनाकरन ने एनडीए उम्मीदवार के रूप अच्छा प्रदर्शन किया है। अध्ययन में यह भी पता चला कि कुछ सीटों पर तमिलनाडु की प्रमुख विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। गौरतलब है कि डीएमके अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए दो साल पहले जमीनी स्तर पर आउटरीच कार्य शुरू किया था। पार्टी ने चुनाव में समन्वय के लिए प्रत्येक जिले में पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की थी। बैठक में शामिल पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने आईएएनएस को बताया,ह्ल हम दो वर्षों से लोकसभा चुनावों के लिए काम कर रहे थे। पार्टी और इंडिया ब्लॉक ने कई सीटों पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन कुछ सीटें हम हार भी सकते हैं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाएगी और पार्टी ने उन जिला सचिवों को हटाने का फैसला किया है, जहां इंडिया ब्लॉक का प्रदर्शन खराब रहेगा।" उन्होंने कहा कि पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाले पार्टी जिला सचिवों को पद से हटाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि राज्य में डीएमके के नेतृत्व वाला इंडिया ब्लॉक सभी 39 सीटें जीतेगा, और अगर मोर्चा कोई भी सीट हारता है तो यह स्टालिन के लिए एक झटका होगा। चेन्नई स्थित राजनीतिक विश्लेषक जोसेफ थॉमस ने आईएएनएस को बताया, ह्ललोकसभा चुनाव से पहले, डीएमके नेतृत्व को जीत का भरोसा था, लेकिन चुनाव के बाद पार्टी को जो फीडबैक मिला, वह उतना अच्छा नहीं है। डीएमके न तो राज्य की सभी सीटें जीत पाएगी और न ही 2019 के लोकसभा चुनावों के अपने प्रदर्शन को दोहरा पाएगी। पार्टी को कुछ सीटों पर खराब प्रदर्शन के लिए किसी के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी और स्वाभाविक रूप से, बलि का बकरा पार्टी के जिला सचिव होंगे जो अपने संबंधित जिलों में प्रत्येक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी थे।

# सीएम योगी ने चुनाव में खूब बहाया पसीना, 49 दिन में की 111 जनसभाएं



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डिमांड खूब बढ़ी है। वह भाजपा के बड़े स्टार प्रचारक के रूप में उभरे हैं। योगी ने 27 मार्च से 18 मई तक 49 दिन में 111 जनसभाएं कर पार्टी के पक्ष में माहौल तैयार किया है। यूपी के अलावा दूसरे राज्यों में भी उनकी सभाएं हो रही हैं। उनके कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, वहीं अब तक उन्होंने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन, 12 रोड शो भी कर लिए हैं। इसके अलावा सीएम योगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी उपस्थित रहे। वाराणसी में कार्यकर्ता सम्मेलन में भी उन्होंने हिस्सा लिया।

इसके अलावा पांचवें चरण में होने वाले लखनऊ पूर्व विधानसभा उपचुनाव में भी सीएम योगी ने पार्टी प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के लिए जनसभा कर मतदाताओं से समर्थन की अपील की। पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों में पांच केंद्रीय मंत्री मैदान में हैं। यूपी के मुखिया के तौर पर इन पांचों केंद्रीय मंत्रियों के लिए योगी आदित्यनाथ ने चुनाव प्रचार किया और कमल खिलाने की अपील की। इस चरण में सबसे बड़ा नाम रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह का है।

वहीं अमेठी से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, मोहनलालगंज से कौशल किशोर, जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा और फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति भी इन्हीं सीटों से प्रत्याशी हैं। बाराबंकी की उम्मीदवार राजरानी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ ने 17 मई को रैली की थी। 13 मई को भी सीएम योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी सीट के लिए चुनाव प्रचार किया। वहीं 12 मई को बहराइच जनपद के अंतर्गत कैसरगंज लोकसभा सीट से प्रत्याशी करण भूषण के लिए भी सीएम योगी ने जनसभा की। इसके साथ मोहनलालगंज में कौशल किशोर के लिए सीएम योगी ने जनसभा की थी। रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा में चुनाव प्रचार किया है। पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संपर्क कर पंजाब में चुनाव प्रचार के लिए समय मांगा है। भाजपा हाईकमान के मुताबिक सीएम योगी आदित्यनाथ पंजाब में भी चुनावी रैली करते नजर आ सकते हैं। लोकसभा चुनाव के लिए पांचवें चरण का मतदान 20 मई को होना है। 18 मई यानी शनिवार की शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर चुनाव होंगे।

# आयकर विभाग ने गुजरात स्थित रियल एस्टेट ग्रुप के ठिकानों पर की छापेमारी





**अहमदाबाद।** आयकर विभाग ने शनिवार को अहमदाबाद और वडोदरा में माधव ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के ठिकानों पर छापेमारी की। आयकर विभाग ने रियल एस्टेट और सरकारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए मशहूर इस ग्रुप के दोनों शहरों में 27 स्थानों पर छापेमारी की। शनिवार सुबह शुरू हुई छापेमारी अभी जारी है। अधिकारी उनके लेनदेन की जांच कर रहे हैं। आयकर विभाग के 50 से ज्यादा अधिकारी छापेमारी कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, ग्रुप के परिसरों पर की गई छापेमारी में वडोदरा के सुभानपुरा स्थित उनका दफ्तर भी शामिल है। कर्नाटक, दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और महाराष्ट्र में मौजूदगी रखने वाला माधव ग्रुप साल 2010 में अपनी स्थापना के बाद से ही जांच के दायरे में है। ग्रुप ऊर्जा, रियल एस्टेट, हाईवे और शहरी बुनियादी ढांचे समेत विभिन्न क्षेत्रों में काम करता है।

# इस बार का चुनाव संविधान बचाने वाले और बदलने वालों के बीच : अखिलेश यादव




**श्रावस्ती/अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को अयोध्या और श्रावस्ती में चुनावी जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार जो देश का चुनाव होने जा रहा है, ये हमारे आपके भविष्य का चुनाव है। एक तरफ वो लोग हैं, जो संविधान को बचाना चाहते हैं और दूसरी तरफ वो हैं, जो संविधान बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि चार चरणों के वोट पड़े हैं। उसमें भाजपा चारों खाने चित्त है। पीएम पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, आपने देखा होगा, अब तो आंसुओं की नदी बहने लगी है। इस बार आंसुओं का पानी खतरे के ऊपर बह रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि हम किसान भाइयों से कह के जा रहे हैं कि किसानों का पूरा का पूरा कर्जा माफ करेंगे। सपा ने तय किया है कि राशन की गुणवत्ता बढ़ाएंगे। गरीबों को आटा के साथ डाटा फ्री देने का काम करेंगे। मैंने एम्बुलेंस की सुविधा दी थी, आज एंबुलेंस खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जो रथ निकला है वो फंसा नहीं है, इस बार धंस गया है। श्रावस्ती की लोकसभा का संदेश तो बहुत पहले ही चला गया कि यहां से समाजवादी पार्टी न केवल जीतने जा रही है, इस बार यहां के लोगों ने मन बनाया है कि रिकॉर्ड मतों से जिता कर लोकसभा में भेजने का काम करेंगे। अखिलेश ने कहा, भाजपा ने 25 लाख करोड़ बड़े- बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर दिया। उन्होंने किसान का दुख दर्द मुसीबत नहीं समझा, इंडिया गठबंधन ने तय किया है, अपने किसानों, गरीबों का कर्ज माफ करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग वही हैं जिन्होंने काले कानून लाने का काम किया, वह लागू हो गए होते तो हमारे किसानों की पैदावार की लूट तो कर ही लेते, जमीनों पर भी कब्जा करना शुरू कर देते। सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को धोखा देने का काम किया है। कोरोना काल में इन्होंने जो वैक्सीन लगवाई, आज वो लोगों की जान ले रही है। लोगों को हार्ट अटैक पड़ रहे हैं। अब वैक्सीन बनाने वाली कंपनी कह रही है कि हम वैक्सीन वापस लेंगे। शरीर में जो वैक्सीन चली गई, उसे कैसे वापस लिया जा सकता है। अखिलेश ने कहा कि पेपर लीक नहीं हुए, सरकार ने कराए हैं। कहीं, नौजवानों को नौकरी देनी न पड़ जाए। यह सरकार जानती है, अगर सरकारी नौकरी देंगे तो आरक्षण देना पड़ेगा। पीडीए की सरकार आई तो नौजवानों को उनका हक देंगे।

# यह चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वाले और मंदिर बनाने वालों के बीच : अमित शाह



**बांदा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्षी दलों पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव, रामभक्तों पर गोली चलाने वाले और श्रीराम मंदिर बनाने वालों के बीच का चुनाव है। गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को बांदा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव सांसद बनाने का नहीं है, यह चुनाव, रामभक्तों पर गोली चलाने वाले और श्रीराम मंदिर बनाने वालों के बीच का चुनाव है। यूपी में समाजवादी पार्टी की सरकार थी, रामभक्तों पर कारसेवकों पर गोली चला दी, सरयू खून से लाल हो गई, आज वही लोग आपसे वोट मांगने निकले हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश बाबू, डिंपल भाभी, राहुल बाबा, सोनिया जी सबको राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन ये लोग नहीं गए, क्योंकि ये अपने वोट बैंक से डरते हैं। इन लोगों ने वोट बैंक की राजनीति करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अमित शाह ने कहा कि जब पत्रकारों ने इंडी अलायंस वालों से पूछा कि आपका प्रधानमंत्री प्रत्याशी कौन है, तो उन्होंने कहा, हम बारी बारी से बन जाएंगे। अरे राहुल बाबा, ये परचून की दुकान नहीं है, ये इतना बड़ा देश है। देश चलाने के लिए मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए, 56 इंच के सीने वाला प्रधानमंत्री चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरा घमंडिया गठबंधन परिवारवादियों का गठबंधन है, ये अपने बेटे-बेटियों के लिए काम करते हैं। शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उद्धव ठाकरे अपने बेटे आदित्य ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। ममता अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। सोनिया जी अपने बेटे राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। पूरे बुंदेलखंड में सपा के जमाने में बड़े-बड़े गुंडों का राज था, गैंग चलती थीं, अपहरण होते थे, फिरौती ली जाती थी, पूरे यूपी में दंगे होते थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2017 में आपने भाजपा सरकार बनाई, योगी जी मुख्यमंत्री बने और उन्होंने यहां के सारे गुंडों को सीधा कर दिया। गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को तोड़ना चाहती है। उनके नेता कहते हैं कि दक्षिण भारत और उत्तर भारत, देश के 2 हिस्से कर दीजिए। मैं बताना चाहता हूं कि मोदी जी फिर से आने वाले हैं और मोदी जी के रहते भारत को कोई तोड़ नहीं सकता।

# कोई इस देश में मंदिर-मस्जिद को अलग नहीं कर सकता : सलमान खुर्शीद



**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने शनिवार को पटना में कहा कि हमारे देश की पहचान गंगा जमुनी तहजीब है। यहां न कोई गंगा और यमुना को अलग कर सकता है और नहीं कोई मंदिर और मस्जिद को अलग कर सकता है। पटना में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए खुर्शीद ने कहा कि बिहार में एक बड़ा परिवर्तन होगा। जिस देश का नौजवान निराश हो जाए, उस देश का भविष्य क्या हो सकता है। कांग्रेस की सरकार आने पर नौजवानों को नौकरियों के साथ रोजगार की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 20-30 साल के इतिहास में इतना शानदार मेनिफेस्टो नहीं बना। युवाओं को रोजगार दिया जायेगा। घर की महिलाओं को हर साल एक लाख मिलेगा। 10 किलो राशन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में ऐसी चीजें हो रही हैं, वह कष्ट देती हैं। यह बात प्रधानमंत्री और गृह मंत्री कर रहे हैं। ये मंदिर में ताला लगाने की बात कह रहे हैं। मंगलसूत्र छिनने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति की पहचान गंगा जमुनी है। कोई गंगा-यमुना को अलग नहीं कर सकता। मंदिर-मस्जिद को अलग नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि महिलाओं की मंगलसूत्र की बात करते हैं तो जहां मंगलसूत्र की बात आएगी, वहां हम अपनी जान न्योछावर कर देंगे। भाजपा के लोग सिर्फ जाति की बात करते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि वे कहते हैं कि हमने राम मंदिर बनवाया, लेकिन राम मंदिर उनकी वजह से नहीं, बल्कि कानून की वजह से बना है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# बदल रही है सियासत, बदल रहे हैं रूल

## अफसर हो रहे हैं साइड लाइन और प्योर सियासी चेहरे हो रहे हैं कबूल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति के परिदृश्य को देखें तो किसने आजादी के बाद 1952 में हुए पहले आम चुनाव के बाद से ही कई करवट ली हैं। सियासत के चेहरे बदले हैं, सियासत के मोहरे बदले हैं और समय-समय पर सियासत के रूल बदले हैं। एक दौर था जब पोलिटिक्स में वकीलों और मास्टरों का कब्जा रहता था। वकील और मास्टर राजनीति में आते थे। फिर समय बदला और राजनीति में उद्योगपतियों की एन्ट्री हुई। एक दौर वो भी आया जब बड़े उद्योगपतियों को राजनीतिक दलों ने राज्यसभा के माध्यम से सदन में भेजने की सुविधा रखी लेकिन जनता के चुनाव को जनता के चेहरो के लिए छोड़ा। इसके बाद सियासत ने वो युग भी देखा जब फूलन देवी से लेकर अतीक अहमद जैसे लोग भी सदन के माननीय बनकर पहुंचे और फिर एक दौर ऐसा आया जब सियासत के फलक पर रिटायर अफसर छा गये। कई वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट रिटायर होकर राजनीति में आये और इन्हें विभिन्न राजनीतिक दलों ने मौका भी दिया। लेकिन अब अगर देखें तो सियासत अपने रूल बदल रही है। ये बदलाव किरण बेदी से लेकर मुंबई के पुलिस आयुक्त रहे सतपाल सिंह तक दिखाई दे रहा है। अब राजनीति अफसरों को साइड लाईन में कर रही है और वो प्योर सियासी चेहरों को कबूल कर रही है। उसे सियासत की चौसर पर सियासी मौहरे चाहिए। अगर सत्ताधारी दल भाजपा की बात करें तो वो दूसरे दलों के सियासी चेहरों को लेने में कोई परहेज नहीं कर रही और उसने अपने अफसरी चेहरों को साइड लाईन कर दिया है। वो अपना कुनबा एक्सटेंशन प्रोग्राम चला रही है वो अपने नाराज बागी चेहरों को मनाकर घर ला रही है। लेकिन वो अब रिटायर अफसरों को सियासी भागीदारी देने से परहेज कर रही है।

> ये बदलाव किरण बेदी से लेकर मुंबई के पुलिस आयुक्त रहे सतपाल सिंह तक दिखाई दे रहा है।

## मुंबई के पुलिस कमिश्नर से लेकर यूपी पुलिस के एडीजी तक सीन से आउट



करंट क्राइम। इस बार चुनाव में एक बड़ा परिवर्तन हुआ और वो परिवर्तन ये था कि गाजियाबाद से लगातार दो बार के सांसद और भारतीय सांसद के प्रमुख रहे रिटायर जनरल वीके सिंह का टिकट होल्ड हुआ। उसके बाद उन्होंने खुद चुनाव ना लड़ने का ट्वीट किया और फिर यहां से भाजपा ने अपने शहर विधायक अतुल गर्ग को टिकट दे दिया। अगर बात गाजियाबाद की करें तो इस जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरूण हैं। वो आईपीएस अधिकारी रहे हैं। यूपी पुलिस से एडीजी पद से वीआरएस लेकर वो चुनाव लड़े और उन्हें प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया गया। उनके पिता भी उत्तर प्रदेश पुलिस में डीजीपी रहे हैं। उन्हें गाजियाबाद जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया। लेकिन यदि सियासी सीन पर नजर डालें तो पुलिस के एडीजी रहे और गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरूण गाजियाबाद के चुनावी सीन से पूरी तरह आऊट हैं। वजह भाजपा संगठन बेहतर बता सकता है लेकिन जो दिख रहा है वो ये है कि पीएम के रोड शो से लेकर सीएम की जनसभा तक प्रभारी मंत्री कहीं नहीं है। इसी तरह पड़ोस के जिले बागपत में मुंबई के पुलिस आयुक्त रहे सतपाल सिंह लोकसभा सांसद थे। उनकी सियासी पारी का रिटायरमेंट ऐसा होगा ये किसी ने नहीं सोचा था। अपनी सिटिंग सीट को भाजपा ने गठबंधन में रालोद को दे दिया। मुंबई के पुलिस कमिश्नर रहे सतपाल सिंह को किसी भी लोकसभा सीट से टिकट नहीं दिया और वो भी स्टे होम हो गये। अगर बात लखनऊ की करें तो यहां ईडी वाले साहब योगेश्वर सिंह विधायक हैं। बताते हैं कि वो पहले साहिबाबाद से टिकट मांग रहे थे। उनकी पत्नी गाजियाबाद के पड़ोसी जनपद में बड़ी पुलिस अधिकारी हैं। योगेश्वर सिंह वीआरएस लेकर चुनाव लड़े और चुनाव जीत तो गये लेकिन सिम्पली विधायक ही रह गये।



## भगवागढ़ में सियासत रही है मास्टर और वकीलों के नाम



करंट क्राइम। अगर गाजियाबाद की बात करें तो यहां सियासत एक लंबे समय तक वकीलों और मास्टरों के पास रही है। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी अधिवक्ता रहे हैं। हालांकि बाद में वो सक्रिय राजनीति में आने के बाद अधिवक्ता पेशे से दूर हो गये। लेकिन उनके नाम के आगे एडवोकेट लगता है। अगर वकीलों की बात करें तो लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर का नाम तो आज भी अधिवक्ता के रूप में एक वकील चैम्बर पर लिखा हुआ है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अधिवक्ता हैं। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी अधिवक्ता हैं और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप अधिवक्ता है। चार बार के सांसद रहे रमेश चंद तोमर तो कहे ही गुरू जी जाते हैं। वो लंबे समय तक अध्यापन कार्य से जुड़े रहे हैं।





## नहीं आती है गाजियाबाद में अफसरों को पॉलिटिक्स रास

करंट क्राइम। गाजियाबाद की बात करें तो यहां अन्य दलों में भी कई अफसर रिटायर होने के बाद राजनीति में आये। लेकिन वो सियासत के आसमान पर गुम हो गये। राजनीति उन्हें ज्यादा रास नहीं आई। गाजियाबाद में आरटीओ रहे लाल जी चौधरी सेवानिवृत्त होने के बाद बसपा में आये। उन्होंने बसपा में पद भी लिया लेकिन उन्हें वो कद हासिल नहीं हुआ और बाद में वो बसपा की राजनीति में भी हाशिये पर आ गये। गाजियाबाद के सबसे चर्चित नगर आयुक्त रहे हरदेव सिंह बाबा भी राष्ट्रीय लोकदल में आये और वो प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। लेकिन वो कभी विधान परिषद या राज्यसभा नहीं पहुंचे। गाजियाबाद में ही तैनात रहे एआरटीओ अर्जुन सिंह भी राजनीति में आये लेकिन लंबी पारी नहीं खेल सके। गाजियाबाद नगर निगम में स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में तैनात रहे स्वर्गीय डॉ एसके गर्ग भी रिटायर होने के बाद भाजपा में आये थे। उन्हें भाजपा ने चिकित्सा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष भी बनाया था। लेकिन वो भी कुछ खास नहीं कर सके।

# विनय त्यागी हत्याकांड का आरोपी 50 हजार का ईनामी आमिर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

## वैशाली पुलिया पर पुलिस की चेकिंग का शिकार हुआ बदमाश

**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** टाटा कंपनी में इंडिया बिजनेस हेड विनय त्यागी की हत्या के मामले में पुलिस ने 50000 के इनामी बदमाश आमिर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। बीते दिनों पुलिस ने इस मामले में फुल एनकाउंटर किया था। पुलिस ने जिस आरोपी आमिर को गिरफ्तार किया है, पुलिस का दावा है कि यह वही आरोपी है जो फुल एनकाउंटर में मारे गए बदमाश दक्ष उर्फ अक्की के साथ मोटरसाइकिल पर सवार था। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ट्रांस हिंडन जोन ने फरार आमिर पर 50000 का ईनाम में घोषित किया था। पुलिस ने आमिर को मुठभेड़ के बाद पैर में गोली लगने पर गिरफ्तार किया है। पुलिस में उसके पास से एक अवैध हथियार और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि देर रात कौशांबी थानाक्षेत्र के वैशाली में संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस में बदमाश को रोकने की कोशिश की, तो उसने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसका पीछा किया और उसे एक स्थान पर घेर कर दबोच लिया, उसके पैर में गोली लगी है। आरोपी आमिर पर 3 मई को शालीमार गार्डन में हुई विनय त्यागी की हत्या और लूट के मामले में सहअभियुक्त होने का आरोप है।

> डीसीपी ट्रांस हिंडन में हत्याकांड के सभी आरोपियों पर की कार्रवाई



### पुलिस को मिली थी सूचना कि आमिर रहता है गाजियाबाद में भी एक्टिव

करंट क्राइम : डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि पुलिस आमिर की लोकेशन और उसको पकड़ने के प्रयास कर रही थी। इसी बीच सूचना मिली थी कि आमिर गाजियाबाद में एक्टिव रहता है, वह आता जाता रहता है। पुलिस ने सूचना के बाद कौशांबी थानाक्षेत्र से बैरिकेडिंग लगाकर घेराबंदी की थी, जिसकी गिरफ्त में वह आ गया। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया तो उसने पुलिस पर फायर किया। जिसके बाद पुलिस ने उसे मुठभेड़ के बाद दबोचा है। बता दें कि 3 मई को राजेंद्र नगर में रहने वाले विनय त्यागी जब देर रात अपने कार्यालय से घर जा रहे थे, उस दौरान लूट के बाद हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने हत्यारोपी दक्ष उर्फ अक्की को पहले ही फुल एनकाउंटर में ढेर कर दिया था ,जबकि उसके दो सहयोगियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

### पुलिस टीम का हुआ स्वागत, बीते दिनों किया था फुल एनकाउंटर



करंट क्राइम : ट्रांस हिंडन पुलिस द्वारा बिजनेस हेड विनय त्यागी की हत्याकांड का खुलासा करने वाली टीम का बीते दिनों स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठन की ओर से स्वागत किया गया। साथ ही कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत रखने के लिए डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम और थानाध्यक्ष शालीमार गार्डन नरेंद्र सिंह ने उनकी क्राइम टीम को लोगों ने सम्मानित किया था। पुलिस ने सम्मानित होने के दो दिन के भीतर 50 के ईनामी बदमाश आमिर को भी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया है।

# चलती रोड पर अचानक आग का गोला बनी कार

## दमकल कर्मियों ने समय रहते बुझाई आग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना कविनगर क्षेत्र के चिरंजीव विहार के सामने हापुड़ रोड पर चलती कार में आग लग गई। आग बेहद भीषण थी और कुछ पलों में ही आग की तेज लपटों ने पूरी गाड़ी को घेर लिया। दोनों तरफ से ट्रैफिक चल रहा था, इसी दौरान कार में ब्लास्ट भी हुआ जिसको लेकर हड़कंप मचा।

दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन कोतवाली को जानकारी मिली कि थाना कविनगर के चिरंजीव विहार के सामने हापुड रोड पर कार में आग लग गई है। इस सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने तुरंत हौज पाइप लाइन फैला कर आग पर काबू पाने की कोशिश की। इस दौरान दोनों तरफ से ट्रैफिक चल रहा था।

जिस दौरान कार में आग लगी उसके बाद ब्लास्ट भी हुआ जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। कार महिंद्रा कंपनी की थी जो डीजल से चलती है। गाड़ी मालिक का नाम परवेज आलम था गाड़ी गाजियाबाद से हापुड़ की तरफ जा रही थी। न्यायालय में ड्यूटी पर तैनात दमकल कर्मी और फायर टैंकर को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने देखा कि गाड़ी से आग की लपेट काफी तेज निकल रही थी।

# क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े अवैध हथियारों के तस्कर, चार को किया गिरफ्तार

## चारों आरोपियों पर दर्ज हैं लूट, हत्या और रंगदारी सहित गंभीर धाराओं के मुकदमे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच गाजियाबाद की स्वाट टीम ने गाजियाबाद के साथ ही दिल्ली- एनसीआर के कई शहरों में अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चारों आरोपियों पर अलग-अलग जनपदों में कुल 34 गंभीर धाराओं के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने पकड़े गए अनस अल्वी, अनस गाजी, आरिफ व ईनाम से .32 बोर की चार पिस्टल, .32 बोर की चार मैगजीन, 315 बोर के छह देसी कंट्री मेड तमंचे तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी और मोटरसाइकिल बरामद की है। बताया जा रहा है कि अनस दिल्ली यूनिवर्सिटी से मास कम्युनिकेशन में ग्रेजुएट है और पढ़ाई कर दिल्ली में उसकी दोस्ती अपराधिक लड़कों से हो गई थी। फिर इसकी मुलाकात मेरठ के अनस अन्नू से हुई जो बिहार और मध्य प्रदेश से तस्करी कर पिस्टल सप्लाई का काम करता है। अनस पर साल 2021 में मुरादनगर में शाहरुख मर्डर केस में भी नाम शामिल था। इसकी मुलाकात जेल से छूटने के बाद अनस गाजी पुत्र यूनुस पहलवान से हुई थी। जिस पर हत्या, रंगदारी, हत्या के प्रयास आदि गंभीर मामलों के मुकदमे दर्ज हैं। अनस पुत्र इमरान के विरुद्ध गाजियाबाद में 6 मुकदमे पंजीकृत हैं, तो अनस पुत्र युसूफ पहलवान के विरुद्ध 6, आरिफ के विरुद्ध दिल्ली में 10, जनपद हापुड़ में दो, बागपत में एक और गाजियाबाद में कुल पांच मुकदमों के साथ 18 मामले दर्ज हैं। इसी के साथ ईनाम पर गाजियाबाद में चार मुकदमे हैं। सभी पर लूट हत्या सहित रंगदारी व अन्य गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं।

> महंगे शौक पूरा करने के लिए करते थे हथियारों की तस्करी

## चार पिस्टल और 6 तमंचे बरामद






### टू-व्हीलर वाहन से करते थे हथियारों की तस्करी

करंट क्राइम : पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपी अनस, अनस, आरिफ, ईनाम तस्करी करने के लिए स्कूटी और बाइक का इस्तेमाल किया करते थे। जिस वजह से पुलिस को इन पर अधिक शक भी नहीं होता था। इनके पास से पुलिस ने जुपिटर स्कूटी जप्त की है। जिसकी डिग्गी में रखकर यह हथियार एक शहर से दूसरे शहर लेकर जाया करते थे। पुलिस ने बताया है कि यह सब दिल्ली के क्लबों और अलग-अलग पार्टी में शामिल होते थे। उसी का खर्चा पूरा करने के लिए अब हथियारों की तस्करी का धंधा कर रहे थे। इनमें से सभी लोग जेल गए हुए हैं और उनके कई अन्य अपराधियों से संपर्क भी है।

> आरोपी अनस, अनस, आरिफ, ईनाम तस्करी करने के लिए स्कूटी और बाइक का इस्तेमाल किया करते थे।

## बिहार और मध्य प्रदेश से लाते थे हथियार 40 से 45 हजार था पिस्टल का रेट



> पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपियों को मुरादनगर से दबोचा है। यह सभी पश्चिम उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर में असलहों की तस्करी का जाल फैला रहे थे।

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने जानकारी दी है कि पूछताछ में मेरठ के अमन उर्फ अन्नू और मोईन जो बिहार व मध्य प्रदेश से पिस्टल की तस्करी करके लाते हैं, दोनों का नाम आया है।

उनसे पिस्टल 32 से 30 हजार रुपए लेकर आगे 40 से 45 हजार रुपए में बेच दिया करते थे जबकि तमंचा बाय 2200 से 4400 में लेते थे और फिर आगे उसे अधिक दाम पर बेंचते थे। इसमें जो मुनाफा होता था वह आपस में बांट लेते थे। इसे अपने खर्च और महंगे शौक पूरा करते थे। पुलिस ने यह भी जानकारी दी है कि अनस अल्वी सक्रिय हिस्ट्रीशीटर है। साथ ही यह जिला बदर अपराधी भी है।

पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपियों को मुरादनगर से दबोचा है। यह सभी पश्चिम उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर में असलहों की तस्करी का जाल फैला रहे थे।

## संपादकीय

# संपत्ति के अधिकार और उसकी प्रक्रिया

अदालत ने कहा है कि अगर किसी व्यक्ति को संपत्ति के अधिकार से वंचित करने से पहले उचित प्रक्रिया स्थापित नहीं की गई या उसका पालन नहीं किया गया तो निजी संपत्तियों का अनिवार्य अधिग्रहण असंवैधानिक होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं को जिस बारीकी से रेखांकित किया, वह खास तौर पर ध्यान देने लायक है। हालांकि जिन अधिकारों की बात की गई, वे अनुच्छेद 300 अ के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया से जुड़े हैं, लेकिन कोर्ट की व्याख्या के बाद अब व्यवहार में वे प्रक्रियाएं कानून का हिस्सा हो गई हैं। भले ही संपत्ति का अधिकार अब मूल अधिकारों में शामिल न हो, लेकिन यह आज भी एक संवैधानिक अधिकार है। कोर्ट ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान भी इस तथ्य को पर्याप्त अहमियत मिलनी चाहिए। कोर्ट के फैसले में जिन सात सब-राइट्स (उप-अधिकारों) की बात की गई है इनमें नोटिस पाने, सुने जाने, तर्कसंगत निर्णय जानने, अधिग्रहण के पीछे के सार्वजनिक हित से अवगत होने, उचित मुआवजा पाने, तय समय सीमा में अधिग्रहण प्रक्रिया कुशलता से निपटाए जाने और अंतिम निष्कर्ष मिलने- वे सभी तय कानूनी प्रक्रिया के मूल तत्व पहले से रहे हैं लेकिन इस फैसले ने यह सुनिश्चित किया कि अगर अधिग्रहण के दौरान इनमें से किसी का भी उल्लंघन होता है तो अधिग्रहण अवैध हो जाएगा।

देश में भूमि अधिग्रहण एक संवेदनशील मसला रहा है। लैंड एक्विजिशन, रीहैबिलिटेशन एंड रीसेट्लमेंट एक्ट 2013 लाए जाने के समय भी इस मसले पर काफी बहस हुई थी। बाद में इसमें संशोधन के प्रयास भी हुए जो मंजिल तक नहीं पहुंचे। अब भी देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग रूपों में भूमि अधिग्रहण से जुड़े मसले उठते रहते हैं। शायद इसकी संवेदनशीलता की ही वजह से राजनीतिक दल इस पर खुलकर कुछ कहने से बचते हैं। मौजूदा चुनावी माहौल में प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणापत्र देखें तो वहां भी कोई स्पष्ट बात इस सिलसिले में नजर नहीं आती। किसी के घोषणापत्र में कोई जिक्र तक नहीं है, बस रीयल इस्टेट रेग्युलेशन एक्ट के जरिए रीयल एस्टेट सेक्टर को आगे बढ़ाने की बात इसमें कही गई है। कांग्रेस भी ग्राम पंचायतों के वीटो अधिकार कायम रखने की बात से आगे नहीं बढ़ती।

भूमि अधिग्रहण का एकमात्र पहलू किसानों या भूस्वामियों का हित नहीं है। इन हितों की रक्षा हर हाल में होनी चाहिए, लेकिन यह भी समझना होगा कि अगर इकॉनमी को आगे बढ़ाना है, देश में उद्योग-धंधे लगाने हैं, नए-नए प्रॉजेक्ट लाने हैं और बड़े पैमाने पर रोजगार का इंतजाम करना है तो भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आसान बनाना जरूरी है। ऐसे में भूमि अधिग्रहण की व्यापक, सुसंगत और संपूर्ण नीति वक्त की जरूरत है।

# भारत-ब्रिटेन ने रणनीतिक वार्ता में एफटीए पर जताई प्रतिबद्धता

## 2030 के रोडमैप की हुई समीक्षा



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन ने एक बार फिर दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। भारत और ब्रिटेन के बीच सालाना होने वाली रणनीतिक बातचीत के लिए भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ब्रिटेन दौरे पर हैं। इस दौरान क्वात्रा ने ब्रिटेन के विदेश, कॉमनवेल्थ एंड डेवलेपमेंट ऑफिस के स्थायी अवर सचिव सर फिलिप बार्टन से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद सर फिलिप बार्टन ने कहा कि दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर प्रतिबद्धता जताई गई। साथ ही साल 2030 के रोडमैप की समीक्षा भी की गई।

**2030 के रोडमैप की हुई समीक्षा :** सर फिलिप बार्टन ने कहा कि 2030 के रोडमैप की समीक्षा के दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने माना कि जनवरी में हुई बैठक के बाद इस दिशा में अच्छी प्रगति हुई है। जिसके तहत दुनिया की पहली मलेरिया वैक्सीन पर सहयोग बढ़ा है, साथ ही दोनों देशों ने जी20 की अध्यक्षता और छात्रों और उद्यमियों के लिए ज्यादा अवसर बनाने की दिशा में भी दोनों देशों ने मिलकर काम किया है। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते और रक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। गौरतलब है कि साल 2021 में भारत और ब्रिटेन के बीच 2030 के रोडमैप पर सहमति बनी थी। इसके तहत दोनों देश स्वास्थ्य, जलवायु, व्यापार, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे। एफटीए को लेकर दोनों देशों में अब तक 13 राउंड की बातचीत हो चुकी है और 14वें राउंड की बातचीत जनवरी में शुरू हुई थी। मुक्त व्यापार समझौते के तहत 26 अध्याय हैं, जिनमें सामान, सेवा, निवेश और बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे मुद्दों पर बात हो रही है।

### एफटीए के तहत इन क्षेत्रों में राहत चाहते हैं दोनों देश

एफटीए के तहत भारतीय उद्योग की मांग है कि इसके आईटी और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को ब्रिटेन में ज्यादा मौके मिलें, साथ ही कई सामान पर भारत चाहता है कि ब्रिटेन कस्टम ड्यूटी में भी छूट दे। वहीं ब्रिटेन भी स्कॉच व्हिस्की, इलेक्ट्रिक गाड़ियां, चॉकलेट, मांस और कुछ खाद्य सामानों पर कस्टम ड्यूटी से राहत दे। साथ ही ब्रिटेन, भारत में संचार, कानूनी और वित्तीय सेवाओं में भी अपने पैर पसारने के लिए राहत चाहता है। भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2021-22 में 17.5 अरब डॉलर था, जो अब बढ़कर 20.36 अरब डॉलर हो गया है।

# वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी फिर से हासिल करेगा भारत : डीपीआईआईटी सचिव

**नई दिल्ली।** विश्व जीडीपी रैंकिंग में 2012 में भारत 11वें स्थान पर था और आज पांचवें स्थान पर है। एक दशक में देश छह स्थान आगे बढ़ा है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को कहा, दो-तीन वर्षों में जीडीपी के मामले में भारत दुनिया में पांचवें से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा।




राष्ट्रीय राजधानी में 'सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2024' के दूसरे दिन एक सत्र में राजेश कुमार सिंह ने कहा कि विकास दर में तेजी के आधार पर देश दुनिया के व्यापार और निवेश में अपनी ऐतिहासिक हिस्सेदारी फिर से हासिल करने में सफल होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का उद्देश्य रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करना और असुरक्षित आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भरता कम करना है। सिंह ने कहा,पीएलआई की वजह से रोजगार में वृद्धि हुई। खासकर महिलाओं के लिए नौकरियों का सृजन अधिक हुआ। विदेश मंत्रालय के सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने एक अलग सत्र के दौरान कहा कि आज व्यापार को और अधिक एकीकृत तरीके से देखा जाना चाहिए। रवि ने कहा,ह्लवस्तुएं, निवेश, सेवाएं, उद्योग और विनिर्माण सभी एकीकृत हैं। हम यह भी देखना शुरू कर रहे हैं कि जिस तरह से हम व्यापार को विकसित होते देख रहे हैं, उसमें वित्त, प्रौद्योगिकी और ई-कॉमर्स भी बहुत महत्वपूर्ण हैं।'' उन्होंने श्रोताओं से कहा, व्यापार को अधिक समग्र और एकीकृत आर्थिक गतिविधि के रूप में देखा जाना चाहिए।

श्रम मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने एक सत्र में कहा कि अब तक 29 श्रम-संबंधित अधिनियमों को चार नए कोड में समेकित किया गया है। उन्होंने बताया, ह्लव्यवसाय करने में आसानी, सरलीकरण और अनुपालन बोझ में कमी, गैर-अपराधीकरण और निर्बाध विवाद समाधान, श्रम बाजार लचीलेपन को बढ़ावा देने, महिला भागीदारी को बढ़ाने, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर अर्थव्यवस्था की कौशल आवश्यकताओं को पूरा करने को ध्यान में रखते हुए श्रम सुधार किए गए हैं।

# दिग्गज बैंकर नारायणन वाघुल का निधन



**नई दिल्ली।** वित्तीय समूह आईसीआईसीआई की नींव रखने वाले दिग्गज बैंकर नारायणन वाघुल का शनिवार को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। वह गंभीर हालत में चेन्नई के अपोलो अस्पताल में पिछले दो दिनों से वेंटिलेटर पर थे। उनके परिवार के सदस्य ने मीडिया को बताया कि गिरने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वे बेहोश थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा हैं। नारायणन वाघुल ने भारतीय स्टेट बैंक में अपना करियर शुरू किया था। वे महज 44 साल की उम्र में एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया के सबसे कम उम्र के चेयरमैन बने। हालांकि उन्होंने नौकरशाहों के हस्तक्षेप से नाराज होकर बैंकिंग छोड़ दी थी। राजीव गांधी की सरकार के दौरान उन्हें आईसीआईसीआई बैंक का प्रमुख बनने के लिए कहा गया था। वाघुल को वाणिज्य और व्यापार के क्षेत्र में योगदान के लिए वर्ष 2010 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया।

# विशेष कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स व निफ्टी में तेजी



**मुंबई।** विशेष कारोबारी सत्रों में भारतीय इक्विटी बाजारों में तेजी जारी रही। दोनों विशेष सत्रों में बेंचमार्क सूचकांक उच्च स्तर पर बंद हुए।

जहां बीएसई सेंसेक्स 342 अंक (0.46 प्रतिशत) बढ़कर 74 हजार के ऊपर बंद हुआ, वहीं एनएसई निफ्टी 50 35.9 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 22,502 पर बंद हुआ। दिन के दौरान सेंसेक्स 0.33 प्रतिशत बढ़कर 74,162.76 पर पहुंच गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनुसंधान, अजीत मिश्रा ने कहा कि बेंचमार्क सूचकांकों ने एक सुस्त विशेष कारोबारी सत्र का अनुभव किया, लेकिन अंत में मामूली बढ़त हासिल करने में कामयाब रहे। मिश्रा ने कहा, प्रमुख शेयरों के मिश्रित प्रदर्शन से सूचकांक धीमा रहा, लेकिन चुनिंदा दिग्गज शेयरों में पर्याप्त तेजी का अवसर है। गौरतलब है कि आपदा रिकवरी साइट पर आसानी से स्विच करने के लिए राष्ट्रीय शेयर बाजारों ने शनिवार को एक विशेष ट्रेडिंग सत्र आयोजित किया। पावर ग्रिड, नेस्ले, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और टीसीएस को अधिक लाभ हुआ। जेएसडब्ल्यू स्टील, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी को घाटा उठाना पड़ा। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, 40 हजार से ऊपर रिकॉर्ड क्षेत्र में बंद होने वाला डॉव जोन्स इक्विटी बाजारों के लिए वैश्विक समर्थन प्रदान करना जारी रखेगा।

इस बीच, एफआईआई की बिकवाली में गिरावट आई और शुक्रवार को एफआईआई खरीदार बन गए। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, एनएसडीएल के आंकड़ों के मुताबिक 17 मई को एफपीआई की बिक्री 28,241 करोड़ रुपये थी। नकदी बाजार में एफआईआई की बिकवाली 35,532 करोड़ रुपये रही।

## राशिफल

**मेष :** दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**वृष :** मेहनत सफल रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे।

**मिथुन :** पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे।

**कर्क :** यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह :** फालतू खर्च होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। वस्तुएं संभालकर रखें।

**कन्या :** डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा।

**तुला :** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे, प्रयास करें। प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक :** राजकीय बाधा दूर होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से हानि होगी। आय कम होगी।

**मकर :** राजकीय बाधा दूर होगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ :** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। शत्रु परास्त होंगे। बेरोजगारी दूर होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे।

**मीन :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

## चुटकुले

मम्मी मैं आज रात को सू-सू करने गया तो पता है क्या हुआ?
मम्मी- नहीं तो! क्या हुआ?
बच्चा- मैंने जैसे ही बाथरूम का दरवाजा खोला ना तो लाइट अपने आप चालू हो गई और ठंडी-ठंडी हवा आने लगी।
उसकी बात सुनकर मम्मी गुस्से में बोली- तू आज फिर 'फ्रिज' में सू-सू कर आया।

---

दुकानदार- मैडम क्यों परेशान हो?
लड़की- मेरे मोबाइल में नेटवर्क नहीं आ रहा है देखना!
दुकानदार- मैडम यह तो खराब मौसम की वजह से है!
लड़की- यह लो 500 रुपये नया मौसम डाल दो ना।
दुकानदार बेहोश

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंडे का पीला भाग उन खाने वाले पदार्थों में से एक है जो की विटामिन डी का प्राकृतिक स्रोत हैं।
- एक अंडे को प्रोड्यूस यानि उत्पन्न करने में मुर्गी को 24 से 26 घण्टों तक का समय लगता है, और जैसे-जैसे मुर्गी वयस्क होती जाती है, वह बड़े अंडे प्रोड्यूस करने लगती है।
- एक मुर्गी प्रतिदिन अंडे को लगभग 50 बार उलटती पुलटती है ताकि अंडे का अंदारूमी पीला भाग किनारों से चिपके न।
- वैसे आपने कई रंगों के अंडे देखे होंगे। नीले, हरे और भूरे रंग के अंडे सभी सफेद रंग के अंडे की तुलना में अधिक यूनिक और रोचक होते हैं, लेकिन सिर्फ सफेद रंग के अण्डों में बाकि रंगों की कमी है तो इसका मतलब यह नहीं की वे पोशाक तत्वों की कमी रखते हैं। अंडे के खोलों के रंगों में अंतर केवल आनुवंशिकी के कारण होता है।
- शुतुरमुर्ग के अंडे का ग्लोब, दुनिया का सबसे पुराना नक्शा हो सकता है, इस ऐग्ग ग्लोब पर साल 1504 की तारीख लिखी हुई है।
- साल 1912 में, तीन आदमी अंटार्कटिका से एम्परर पेंगुइन के अंडे को खोजने निकल पड़े। वहां इतनी ठण्ड थी की एक आदमी के दांत कटकताहट के साथ टूट कर बिखर गए थे।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

### परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

19 05 2024

# आज के जन्मदिन



लवीना नय्यर, राहुल चौधरी, अजय राजपूत, रंजीत सिंह, राजेश सिंह

तरुण शर्मा, सतेंद्र नागर, मोहम्मद उस्मा, ललित कुमार, नासिर अल्वी

विनय अग्रवाल, रजत शर्मा, उत्तम वाजपेई, मनोज चौधरी

### सेलेब्रिटी जन्मदिन




नवाजुद्दीन सिद्दकी
अभिनेता



**सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।**

**Email : currentcrimenews@gmail.com**

# 'हम जीतने के लिए निडर क्रिकेट खेलेंगे': जितेश शर्मा



**हैदराबाद।** सैम करेन अंतरराष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए इंग्लैंड लौट गए हैं और शिखर धवन अभी भी फिट नहीं हैं, पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के अपने अंतिम मैच के लिए कप्तान की भूमिका निभाएंगे। पंजाब का आखिरी आईपीएल 2024 मैच रविवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ होगा। पंजाब प्रतियोगिता में आगे नहीं बढ़ पाई है, जितेश ने जोर देकर कहा कि उनकी टीम रविवार को निडर क्रिकेट का प्रदर्शन करेगी और जीत के साथ सीजन खत्म करने का लक्ष्य रखेगी। जितेश ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी टीम के लिए सीजन का सारांश दिया, ड्रेसिंग रूम में मूड पहले से अधिक सकारात्मक है क्योंकि अब हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं है। सीजन हमारे लिए असंगत रहा है। लेकिन हमने वास्तव में अच्छा क्रिकेट खेला और पूरे सीजन में हमारे पास कई सकारात्मक चीजें थीं। जिस तरह से शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया और हरप्रीत बराड़ तथा प्रभसिमरन सिंह भी पूरे सीजन में अच्छी फॉर्म में रहे। क्रिकेट में, चीजें एक पल में बदल सकती हैं, हम बस कुछ मैच जीतने से भाग्य से चूक गए।" 30 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, पंजाब किंग्स निडर क्रिकेट के लिए मशहूर है और आखिरी मैच में हम और अधिक निडर होंगे। हर कोई सही इरादे से खेलेगा और हम जीतने के लिए खेलेंगे। करेन के साथ, विस्फोटक सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भी इंग्लैंड लौट गए हैं, जबकि लियाम लिविंगस्टोन, जिन्हें सीजन के दौरान घुटने में चोट लगी थी, और तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स, जिन्होंने व्यक्तिगत कारणों से सीजन जल्दी छोड़ दिया था, भी अंतिम मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। लेकिन जितेश का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाड़ियों की अनुपस्थिति से हैदराबाद के खिलाफ उनकी टीम के मनोबल पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हमने अलग-अलग कारणों से कुछ खिलाड़ियों को चुना है और हमारे पास एक अच्छी बेंच है। यह हमारे और पंजाब किंग्स के लिए अपनी क्षमता और प्रतिभा को परखने का एक अच्छा मौका है। इसमें कोई नुकसान या कुछ भी बुरा नहीं है कि अंग्रेजी खिलाड़ी वहां नहीं हैं। पंजाब किंग्स को इस सीजन में बल्ले से कठिन पावर-प्ले सत्र का सामना करना पड़ा है, क्योंकि फ्रेंचाइजी ने कुछ मैचों में शुरूआती विकेट खो दिए हैं। लेकिन जितेश ने शीर्ष क्रम का बचाव किया और कहा कि उन्हें हमेशा सही इरादे दिखाने के लिए बल्लेबाजी इकाई पर गर्व है। जितेश ने कहा, मैं संख्याओं में विश्वास नहीं करता। मैं अच्छे इरादे में विश्वास करता हूं। सलामी बल्लेबाजों ने प्रत्येक मैच में अच्छे इरादे दिखाए हैं। यह ठीक है कि शीर्ष क्रम अधिक रन नहीं बना सका। लेकिन जब भी वे बल्लेबाजी करने आए, वे टीम के लिए बल्लेबाजी करने आए और अपने लिए नहीं। आप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं, कि उन्होंने हमें एक अच्छी शुरूआत देने की कोशिश की।" अपने सीजन का सारांश बताने के लिए कहने पर, दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि उन्होंने बहुत कुछ सीखा है और आने वाले वर्षों में सुधार दिखाने के लिए आश्वस्त हैं। मैं ऐसा खिलाड़ी हूं जो कभी खुश नहीं होता। लेकिन जब टीम जीतती है तो मुझे अच्छा लगता है। मैं मानता हूं कि इस सीजन में मेरे साथ उतार-चढ़ाव आए। मेरा इरादा अच्छा था। मैं चाहता हूं कि मेरी टीम जीते। मेरे लिए व्यक्तिगत लक्ष्य अलग हैं जितेश ने कहा, "मैंने इस साल बहुत अच्छा सीखा। अब मैंने यह दौर देखा है, आने वाले वर्षों में यह बेहतर होगा।" पंजाब किंग्स सीजन का अपना आखिरी मैच रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी।

# निखत, मीनाक्षी के स्वर्ण सहित भारतीय मुक्केबाजों ने जीते 12 पदक



**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** मौजूदा विश्व चैंपियन निखत जरीन और हमवतन मीनाक्षीने स्वर्णपदक जीते और भारतीय दल ने शनिवार को यहां 12 पदकों के साथ एलोर्डा कप 2024 अभियान का समापन किया। निखत और मीनाक्षी के स्वर्ण पदकों के अलावा, भारतीय मुक्केबाजों ने कजाकिस्तान के अस्ताना में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस आयोजन में दो रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर अपने पिछले संस्करण के पांच पदकों के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया। निखत जरीन (52 किग्रा) ने मौजूदा प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखा और कजाकिस्तान की जजीरा उरकबायेवा को 5-0 के स्कोर से हराकर अपनी प्रतिष्ठित पदक संख्या में एक और स्वर्ण जोड़ लिया। मीनाक्षी ने भारत के लिए दिन की धमाकेदार शुरूआत की जब उन्होंने महिलाओं के 48 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की रहमोनोवा सैदाहोन को 4-1 से हराकर भारत को प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इसबीच, अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा) को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा और उनका अभियान रजत पदक के साथ समाप्त हुआ। अनामिका ने बहादुरी से संघर्ष किया लेकिन मौजूदा विश्व और एशियाई चैंपियन चीन की वू यू के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि मनीषा को कजाकिस्तान की विक्टोरिया ग्राफीवा के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

# भारतीय टीम को कोचिंग देना 'दुनिया का सबसे बड़ा काम' है : जस्टिन लैंगर



**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने खुद को भारत के अगले मुख्य कोच बनने की दौड़ से बाहर कर दिया है और कहा है, 'यह दुनिया का सबसे बड़ा काम है' और जब वह ऑस्ट्रेलिया की पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए इस पद पर थे तो उनकी तमन्ना पूरी हो चुकी थी। इस सप्ताह की शुरूआत में, बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर भारत के मुख्य कोच पद के लिए 27 मई की समय सीमा निर्धारित करते हुए आवेदन आमंत्रित किए थे। भारत के पूर्व कप्तान और भारत के वर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि वह अपने कार्यकाल के विस्तार की मांग नहीं करेंगे। नौकरी विवरण के अनुसार, भारत की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच तीनों प्रारूपों के लिए होगा और जुलाई 2024 से दिसंबर 2027 तक प्रभारी रहेगा। भारत के मुख्य कोच के रूप में द्रविड़ का मूल अनुबंध नवंबर में 2021 पुरुष टी20 विश्व कप के बाद शुरू हुआ था और घरेलू मैदान पर 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के साथ समाप्त हो गया और इसे इस साल के पुरुष टी20 विश्व कप तक बढ़ा दिया गया। लैंगर ने शनिवार को मुंबई इंडियंस पर एलएसजी की मैच में 18 रन की जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, क्रिकेट की विशाल मात्रा और भारी अपेक्षाओं के कारण भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनना क्रिकेट में लगभग सबसे बड़ा काम होगा।

यह एक बड़ी चुनौती होगी, यह बहुत मजेदार होगा। यह आईसीसी खिताब जीतने का एक शानदार मौका होगा, लेकिन इन सभी चीजों के साथ, समय सही होना चाहिए। लैंगर, जिन्होंने इस साल आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को कोचिंग दी थी, ने कहा, मैंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ लगभग चार साल तक काम किया। यह सर्वव्यापी है। यह थका देने वाला है और मुझे लगता है कि राहुल द्रविड़ जैसा कोई और शायद आपको वही बात बताएगा, रवि शास्त्री आपको वही बात बताएंगे। भारतीय टीम पर जीत का दबाव बहुत ज्यादा है। इसलिए। मुझे यकीन है कि नौकरी पाने वाला अगला व्यक्ति वास्तव में इस परियोजना के लिए उत्सुक होगा। अपने सीजन के खट्टे-मीठे अंत में, लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने आईपीएल 2024 के अपने अंतिम मैच में उस दृढ़ता और कौशल का प्रदर्शन किया, जिसकी उनके कप्तान केएल राहुल ने पूरे अभियान के दौरान इच्छा की थी। दुर्जेय मुंबई इंडियंस (एमआई) पर रोमांचक जीत के बावजूद, एलएसजी के प्लेऑफ सपने धराशायी हो गए, जिससे उनका अभियान 14 अंकों के साथ समाप्त हुआ, जो चौथे स्थान पर मौजूद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के समान है। हालाँकि, -0.667 के नेट रन रेट ने उन्हें छठे स्थान पर पहुंचा दिया।

# हम डोप अपराधियों के कोचों को भी निलंबित कर देंगे : सुमारिवाला



**नई दिल्ली।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने शुक्रवार को खुलासा किया कि अगर कोई एथलीट डोप टेस्ट में फेल हो जाता है तो उनके कोच और एथलीट दोनों पर समान जुमार्ना लगाया जाएगा। एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने कहा, "यह पहल कोचों को जवाबदेह बनाने और स्वच्छ खेलों की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है।" एएफआई द्वारा शुक्रवार को अपनी कार्यकारी समिति की बैठक में पथप्रदर्शक निर्णय लेने के बाद एक आभासी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुमारिवाला ने कहा, ह्लजो एथलीट डोपिंग के लिए पकड़े गए हैं और उन पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनके कोचों को भी इसी तरह की सजा मिलेगी। अब समय आ गया है कि लोगों को बुलाया जाए, उनका नाम लिया जाए और उन्हें शर्मिंदा किया जाए। सुमारिवाला ने कहा, हम कोचों (जिन्होंने डोप अपराधियों को प्रशिक्षित किया है) को निलंबित कर देंगे, हम संबंधित विभागों को सूचित करेंगे और उन्हें स्टेडियम में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाए। इन लोगों को जिस भी पद पर हैं, वहां से हटाना होगा।" यह निर्णय उस दिन आया जब यह पता चला कि ओलंपिक के लिए जाने वाली महिला मुक्केबाज परवीन हुड्डा को पता-ठिकाने की विफलता के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है, जिसे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन माना जाता है। हालाँकि, यह भारतीय एथलेटिक्स के बढ़ते कद को बनाए रखने के लिए एक कदम की तरह लगता है, जब नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतकर और डोपिंग के दाग को हतोत्साहित करके अंतरराष्ट्रीय सर्किट में भारतीयों के कुछ शानदार प्रदर्शन को बढ़ावा दिया था। शुक्रवार को एएफआई का फैसला विभिन्न हितधारकों के साथ लगभग छह महीने तक चर्चा के बाद लिया गया। उन्होंने कहा, "हमने इस संबंध में विभिन्न एजेंसियों से बातचीत की। अगर कोच एथलीटों के नकद पुरस्कार का हिस्सा लेते हैं, तो उन्हें सजा भी मिलनी चाहिए।" जवाबदेही की गारंटी के लिए एनआईएस डिप्लोमा वाले कोचों सहित सभी कोचों को एएफआई के साथ पंजीकृत होना होगा। सुमारिवाला ने कहा कि जिम्मेदारी और पहचान सुनिश्चित करने के लिए एथलीटों को डोप नियंत्रण कागजात पर कोच के नाम का खुलासा करना होगा।

ओलंपिक के लिए जाने वाले प्रतियोगी, जिनमें से कई विदेशों में तैयारी कर रहे हैं, 5 जुलाई को पोलैंड में एक कोचिंग शिविर शुरू करेंगे और 28 जुलाई को पेरिस खेलों में भाग लेंगे।

# अब टी20 विश्व कप में 'शर्मा जी के बेटे' का समर्थन करूंगा : केएल राहुल

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के कप्तान के.एल. राहुल ने कहा कि अब वह अपने ससुर के साथ आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में 'शर्मा जी का बेटा' और अपने साथियों को प्रोत्साहित करेंगे। लखनऊ ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में अपने आखिरी मैच में रोहित शर्मा की टीम मुंबई इंडियंस को शुक्रवार रात वानखेड़े स्टेडियम में धूल चटाई। शुक्रवार आधी रात को वानखेड़े स्टेडियम में एलएसजी द्वारा मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराने के बाद आधिकारिक प्रसारणकर्ता से बात करते हुए राहुल ने कहा, रमुझे अब मेरे ससुर का समर्थन मिला है और हम दोनों टी20 विश्व कप में शमार्जी का बेटा (कप्तान रोहित शर्मा,भारत) के लिए जयकार करेंगे। राहुल के जवाब में ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स द्वारा राहुल के ससुर और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी द्वारा आईपीएल में स्थानीय टीम मुंबई इंडियंस के शीर्ष स्टार रोहित शर्मा का समर्थन करने वाले प्रचार वीडियो की ओर इशारा किया गया। हालाँकि शेट्टी की जड़ें कर्नाटक में हैं, जहाँ से राहुल भी आते हैं, उन्होंने अपना जीवन मुंबई में बिताया है और एक लोकप्रिय फिल्म स्टार के रूप में नाम कमाया है।

# लखनऊ के खिलाफ रोहित की बल्लेबाजी से प्रभावित हुए गावस्कर



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस आईपीएल सीजन का अपना आखिरी मैच लखनऊ सुपर जायंट्स से 18 रन से हार गई। मैच के बाद, पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने रोहित शर्मा की 38 गेंदों में 68 रनों की पारी की प्रशंसा करते हुए इसे बहुत ही सुखद बताया। मुंबई और लखनऊ के बीच मैच एक अजीब तरह का मुकाबला था क्योंकि दोनों टीमें पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी थीं। लखनऊ ने निकोलस पूरन की तूफानी पारी के दम पर कुल 214/6 रन बनाए, जिन्होंने 29 गेंदों पर 75 रन बनाए। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव से बात करते हुए कहा, खैर, यह देखना बहुत अच्छी बात थी। क्योंकि देखिए, हम जानते हैं कि मुंबई इंडियंस क्वालिफाई नहीं कर सकती है, लेकिन लगभग 15 दिन बाद शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को इस तरह से बल्लेबाजी करते हुए देखना, यह बहुत खुशी की बात है। यह बिल्कुल वही है जो आप चाहते हैं। आप चाहते हैं कि रोहित शर्मा टीम को अच्छी शुरूआत दें, ताकि निचले क्रम के बल्लेबाज आकर इसे खत्म कर सकें, संभावित रूप से हर बार खेलते समय 200 से अधिक का स्कोर बना सकें। विशाल स्कोर के बावजूद, यह पूर्व एमआई कप्तान रोहित शर्मा थे, जिन्होंने पांच बार के चैंपियन को मुकाबले में शानदार शुरूआत दी। शर्मा एक प्रभावशाली खिलाड़ी के रूप में बल्लेबाजी करने आए और 38 गेंदों पर 68 रन बनाकर अपनी टीम को 18 रनों से हारने के बावजूद मैच में सही शुरूआत दी। रोहित शर्मा अब 24 जून को खिलाड़ियों के पहले बैच के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना होंगे जो 1 जून (भारतीय समयानुसार 2 जून) से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों का दूसरा बैच वो होगा जो आईपीएल के प्लेऑफ के दौरान अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व कर रहे होंगे। दूसरा बैच 26 मई को टूर्नामेंट के समापन के बाद टीम में शामिल होगा।

# सिफ्त कौर और नीरज कुमार ने ओलंपिक चयन ट्रायल में जीत हासिल की



**नई दिल्ली।** सिफ्त कौर समरा ने अपना तीसरा (चार में से) महिलाओं का 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) जीता, जबकि नीरज कुमार ने पुरुषों का 3पी ओएसटी दूसरी बार जीता। यह कार्यक्रम ओएसटी 3 और 4 राइफल/पिस्टल के अंतिम दिन शनिवार को भोपाल में एम.पी. राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में संपन्न हुआ। सिफ्त ने महिलाओं के 3पी ओएसटी टी4 फाइनल में 461.3 का स्कोर बनाकर निश्चल को एक अंक से हरा दिया। आशी चौकसे 448.1 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पांच महिलाओं के क्षेत्र में श्रीयंका सदांगी और अंजुम मुद्गिल क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 3पी में, नीरज कुमार 462.9 के साथ शीर्ष पर रहे, जो दूसरे स्थान पर रहे चैन सिंह से 1.7 अंक आगे रहे। ऐश्वर्या तोमर 449.8 के साथ तीसरे स्थान पर रहे जबकि स्वप्निल कुसाले और अखिल श्योरण क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। चार परीक्षणों में से तीन सर्वश्रेष्ठ स्कोर को ध्यान में रखते हुए, परिणामों ने सिफ्त को महिलाओं के 3पी में शीर्ष फिनिशर के रूप में पुष्टि की। अंजुम मुद्गिल ने भी पांच योग्य निशानेबाजों के बीच ट्रायल में दूसरे सर्वश्रेष्ठ के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की। पुरुषों के 3पी में, ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर और स्वप्निल कुसाले चार ट्रायल मैचों की प्रतियोगिता के बाद 1-2 से बराबरी पर रहे। उस दिन पुरुषों और महिलाओं की 10 मी एयर राइफल और एयर पिस्टल ओएसटी टी 4 के क्वालिफिकेशन राउंड भी खेले गए। जबकि श्री कार्तिक सबरी राज 631.6 के स्कोर के साथ पुरुषों की एयर राइफल में शीर्ष पर रहे, रमिता जिंदल दिन की स्टार रहीं, उन्होंने 636.4 का शानदार स्कोर बनाया (इस महीने की शुरूआत में बाकू विश्व कप में चीन की हान जियायु द्वारा बनाए गए मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.1 अधिक) और महिलाओं की एयर राइफल में शीर्ष पर रहीं। रमिता के प्रयास का मतलब था कि वह अब समग्र गणना में दूसरे स्थान पर थी, ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन से केवल 0.1 पीछे, जिनके 633.0 के स्कोर ने उन्हें स्टैंडिंग के शीर्ष पर पहुंचा दिया है। दिन की शुरूआत में रमिता चौथे स्थान पर थीं। मेहुली घोष (633.1) दूसरे और नैन्सी (630.6) और तिलोत्तमा सेन (628.8) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की एयर राइफल में, नतीजों का स्टैंडिंग पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि संदीप सिंह (628.3 के साथ चौथे) और अर्जुन बाबूटा (624.7 के साथ पांचवें) ने गणना में अपने शीर्ष दो स्थान बनाए रखे। मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी स्टैंडिंग में आत्मविश्वास से शीर्ष स्थान हासिल किया, टी4 क्वालिफिकेशन राउंड में 581 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। सुरभि राव (577) दूसरे स्थान पर रहीं जबकि पलक (572) तीसरे स्थान पर रहीं। रिदम सांगवान पलक के समान स्कोर पर चौथे स्थान पर थीं, लेकिन इनर 10 के स्कोर पर हार गईं, जबकि ईशा सिंह 572 के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की एयर पिस्टल में सरबजोत सिंह ने 584 का स्कोर कर ओएसटी टी4 क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि अर्जुन सिंह चीमा 583 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वरुण तोमर (577) तीसरे, रविंदर सिंह (576) चौथे और नवीन (574) पांचवें स्थान पर रहे। एयर पिस्टल में उन परिणामों का मतलब है कि वर्तमान गणना में, मनु भाकर और रिदम सांगवान महिलाओं की एयर पिस्टल में 1-2 हैं, जबकि सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा पुरुषों की स्पर्धा में शीर्ष दो स्थान पर हैं।

# एक्लेस्टोन को इंग्लैंड महिला टी20 विकेटों का रिकॉर्ड तोड़ने का पता नहीं था



**नॉर्थम्प्टन।** सोफी एक्लेस्टोन ने पाकिस्तान महिला टीम पर इंग्लैंड की 65 रनों की जीत के दौरान इतिहास रचा, क्योंकि 25 वर्षीय खिलाड़ी कैथरीन शिवर-ब्रंट (114) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए अपनी टीम के लिए टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली (117) गेंदबाज बन गईं। इतिहास स्थापित करने वाले मैच के बाद, एक्लेस्टोन ने खुलासा किया कि उन्हें रिकॉर्ड के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मैच के बाद साक्षात्कार के दौरान एक्लेस्टोन ने कहा, मुझे पता नहीं था! मैं आंकड़ों के मामले में अच्छी नहीं हूं, लेकिन जब मैंने स्क्रीन देखी तो मुझे एहसास नहीं हुआ कि मैंने इतने विकेट ले लिए हैं। अपनी 79वीं पारी में, सोफी ने 11 रन देकर 3 विकेट लिए और ब्रंट से आगे निकल गईं, जिन्होंने 111 पारियों में 114 विकेट हासिल किए थे। एक्लेस्टोन के पास पूर्व रिकॉर्ड धारक के लिए प्यार और आदर के अलावा कुछ भी नहीं है। कैथरीन महान थी; जब मैं छोटी थी तो वह एक ऐसी महिला थीं जिनका मैं आदर करती थी और कई बार मैंने उनसे ऑटोग्राफ भी लिया था। उससे आगे निकलना थोड़ा अवास्तविक है, लेकिन मुझे वास्तव में खुद पर गर्व है। ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि वह बिल्कुल नाराज होगी - लेकिन मुझे लगता है कि वह मेरे लिए सचमुच खुश होंगी।" पाकिस्तान पर इंग्लैंड की जीत ने उन्हें तीन मैचों की श्रृंखला जीतने में मदद की क्योंकि वे अब 2-0 से आगे हैं। 2023 महिला टी-20 विश्व कप की सेमीफाइनलिस्ट पूरी तैयारी कर रही हैं क्योंकि वे सितंबर में टी20 विश्व कप में भाग लेंगी, जिसके लिए टीम को बांग्लादेश में नई परिस्थितियों की यात्रा करनी होगी। वे सफेद गेंद की श्रृंखला में न्यूजीलैंड का सामना करने से पहले तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में पाकिस्तान का सामना करेंगी, जिसमें विश्व कप की तैयारी के लिए 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल हैं। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, मैंने क्रिकेट खेलना इसलिए शुरू किया क्योंकि मैंने इसका आनंद लिया और जब घर या परिवार से दूर समय कठिन हो जाता है, तो बस एहसास होता है कि मैं वहां क्यों हूं। मैं आंकड़ों की शौकीन नहीं हूं, इसलिए जब तक टीम जीत रही है और हम विश्व कप जीतें या एशेज, ईमानदारी से कहूं तो मुझे वास्तव में इसकी परवाह नहीं है कि मेरे आंकड़े क्या हैं।

# भारतीय जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमें यूरोप दौरे के लिए रवाना

**बेंगलुरू।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम और भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम शनिवार को यूरोप के दौरे पर रवाना हुईं। दौरे के दौरान, भारतीय जूनियर पुरुष टीम बेल्जियम, ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश और जर्मनी से प्रतिस्पर्धा करेगी, जबकि भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बेल्जियम, ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश, जर्मनी और ओरांजे रूड से भिड़ेगी। कप्तान ज्योति सिंह के नेतृत्व में, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम 21 मई को ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी, इसके बाद 22 मई को ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलेगी। इसके बाद टीम 26 मई को जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटने से पहले 24 मई को बेल्जियम से मुकाबला करने के लिए एंटवर्प की यात्रा करेगी। वे 27 मई को फिर से जर्मनी का सामना करने के लिए डसेलडोर्फ की यात्रा करेंगे, जिसके बाद 29 मई को ब्रेडा में ओरांजे रूड के साथ मुकाबला खेलने के बाद अपना यूरोप दौरा समाप्त करेगी। दौरे पर रवाना होने से पहले अपना उत्साह साझा करते हुए ज्योति सिंह ने कहा, टीम पूरे यूरोप की यात्रा करने और कुछ प्रमुख यूरोपीय युवा हॉकी क्लबों के साथ-साथ कुछ सबसे कठिन अंतरराष्ट्रीय युवा टीमों का सामना करने के लिए उत्सुक है। यह दौरा हमें अमूल्य मैच अनुभव प्रदान करेगा और हमें अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने में मदद करेगा। हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं जो पदार्पण भी करेंगे और यह उनके लिए उच्च क्षमता वाले विरोधियों के खिलाफ अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक शानदार अवसर है।

# इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर विराट कोहली ने रोहित का समर्थन किया



**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की उस टिप्पणी के बाद, जिसमें उन्होंने इम्पैक्ट प्लेयर नियम की आलोचना की थी, विराट कोहली अपनी राष्ट्रीय टीम के कप्तान के समर्थन में आए हैं और इस नियम के खिलाफ बोले हैं क्योंकि यह खेल के संतुलन को बिगाड़ता है। कोहली ने जियो सिनेमा से कहा, मैं रोहित से सहमत हूं। मनोरंजन खेल का एक पहलू है लेकिन इसमें कोई संतुलन नहीं है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम 2023 आईपीएल सीजन में पेश किया गया था और टीमों के खेल के प्रति दृष्टिकोण में बड़े पैमाने पर बदलाव देखा गया है। 2024 सीजन में आईपीएल इतिहास के तीन उच्चतम स्कोर बनाए गए हैं (एसआरएच बनाम आरसीबी, एसआरएच बनाम एमआई और केकेआर बनाम डीसी।) आईपीएल के सर्वकालिक अग्रणी रन स्कोरर ने कहा, ह्लगेंदबाजों को लग रहा है कि उन्हें क्या करना चाहिए।

मैंने कभी भी ऐसा अनुभव नहीं किया है जहां गेंदबाज सोचते हों कि वे हर गेंद पर चौका या छक्का खाएंगे। हम उच्च स्तर की क्रिकेट खेल रहे हैं और मेरी राय में इसे इतना हावी नहीं होना चाहिए। बल्ले और गेंद के बीच समान संतुलन होना एक खूबसूरती है। हर टीम के पास बुमराह (जसप्रीत) या राशिद खान जैसा बेहतरीन गेंदबाज नहीं है।" विराट कोहली वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग के इस संस्करण के ऑरेंज कैप धारक हैं, जिन्होंने अब तक खेले गए 13 मैचों में 661 रन बनाए हैं।

इससे भी अधिक प्रभावशाली बात यह है कि वह जिस प्रभावशाली 155.16 स्ट्राइक रेट पर बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह उनके शानदार आईपीएल करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, एक ऐसा आंकड़ा जिसका श्रेय वह इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम की शुरूआत को देते हैं। कोहली ने कहा, ह्लमैं आपको बता रहा हूं, एक अतिरिक्त बल्लेबाज के साथ एक कारण है कि मैं पावरप्ले में 200 से अधिक स्ट्राइक रेट के साथ खेल रहा हूं। मैं जानता हूं कि आठवें नंबर पर भी एक बल्लेबाज इंतजार कर रहा है। मुझे लगता है कि इससे संतुलन बिगड़ गया है और केवल मैं ही नहीं, बल्कि बहुत से लोग ऐसा महसूस कर रहे हैं।" विराट की टिप्पणियां रोहित शर्मा की टिप्पणियों से उपजी हैं जिसमें टीम इंडिया के कप्तान ने खिलाड़ियों पर प्रभाव डालने वाले नियम की कड़ी आलोचना की थी क्योंकि कप्तान का मानना है कि इससे ऑलराउंडरों के विकास में बाधा आती है और राष्ट्रीय टीम पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। क्लब प्रेयर पॉडकास्ट पर रोहित शर्मा ने कहारमैं इम्पैक्ट प्लेयर का बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं हूं। आप आसपास के लोगों के लिए इसे थोड़ा मनोरंजन बनाने के लिए खेल से बहुत कुछ निकाल रहे हैं। लेकिन अगर आप वास्तव में इसके क्रिकेट पहलू को देखें। मैं कह सकता हूं कि आपके पास बहुत सारे उदाहरण हैं - वाशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे जैसे लोगों को गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिल रहा है, जो हमारे (भारत टीम) लिए अच्छी बात नहीं है, मुझे नहीं पता कि आप इसके बारे में क्या कर सकते हैं, लेकिन मैं प्रशंसक नहीं हूं इसके बारे में ईमानदारी से कहूं तो।

# इंदिरापुरम की अरिहंत हार्मनी सोसायटी में जनरेटर फटा, कई फ्लैटों में लगी आग





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम अहिंसा खंड 2 स्थित अरिहंत हार्मनी सोसायटी में जनरेटर फटने से आग लग गई। कुछ समझ पाते, उससे पहले आगआसपास के फ्लैटों में पहुंच गई, आसपास के फ्लैट्स को खाली कराया गया। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गईं। दमकल ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के चलते लाखों का नुकसान होने की सूचना है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि गैस पाइपलाइन लीक होने से आग तेजी से फैल गई। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि इंदिरापुरम अरिहंत हार्मनी सोसाइटी में जनरेटर में आग की सूचना मिली, सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से 3 फायर टैंकर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए, घटनास्थल पर जाकर देखा तो जनरेटर में ब्लास्ट हो रहा था। वहां पर रखे डीजल के ड्रमो में भी आग लग गई थी जिसके कारण जनरेटर के सामने एक टावर में स्थित फ्लैटो में आग पहुंच गई थी, साहिबाबाद से 1 गाड़ी को घटनास्थल पर बुलाया, आग जनरेटर से भूतल पर बने फ्लैट 8-जी, प्रथम तल पर बने फ्लैट 8-एफ, द्वितीय तल पर बने फ्लैट 8-एस, तृतीय तल पर बने फ्लैट 8-टी तक आग पहुंच गई थी। फायर यूनिट ने शीघ्रता से भूतल से चौथे तल तक होज पाइप लाइन फैलाकर फायर फाइटिंग करना शुरू कर दिया। फायर यूनिट ने कड़ी मक्कत के बाद आग पर आग पर काबू पाया, गनीमत यह रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई।

# पुलिस ने दो भाई समेत तीन उद्यमियों को किया गिरफ्तार




**नोएडा।** नोएडा में 15 हजार 2600 से ज्यादा फर्जी कंपनियां खोलकर 15 हजार करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े के मामले में थाना सेक्टर 20 पुलिस ने शनिवार को तीन उद्यमियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

**फर्जी कंपनियों से 350 करोड़ रुपये ठगे**

डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान शुभम जिंदल, तरूण जिंदल और ऋषभ जैन के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी उद्यमी हैं और इनका मेटल व अन्य से जुड़ा कारोबार है। शुभम और तरूण सगे भाई हैं। तीनों दिल्ली के रहने वाले हैं। तीनों पिछले आठ माह से फरार थे। इन तीनों ने फर्जी कंपनियों से 350 करोड़ रुपये से ज्यादा का आईटीसी क्लेम हासिल किया है। उसे पहले ही डीजीजीआई मेरठ/जयपुर राजस्थान द्वारा जेल भेजा जा चुका है। तीनों फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट लेकर धोखाधड़ी कर रहे थे। लंबे समय से वांछित चल रहे आरोपियों पर नोएडा पुलिस ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

**8 आरोपी अभी भी फरार**

बताया जा रहा है कि इस मामले में नोएडा पुलिस अब तक 47 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। जिनमें कई इनामी भी हैं। आठ आरोपी अभी भी पुलिस के निशाने पर हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।




## सिटी के कई चौकी प्रभारी होंगे पैदल



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में अब 4 जून का वेट तेजी के साथ शुरू हो गया है। बताया जा रहा है कि 4 जून के बाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के कई जोन में चौकी प्रभारियों से लेकर थानों के प्रभारियों और सिटी जोन में कई चौकी प्रभारी को बदलाव वाली श्रेणी में लाया जाएगा। वहीं सुनने में आ रहा है कि कई थानाक्षेत्र में चौकियां खाली होगी और कई पर बदलाव होगा। पुलिस कमिश्नरेट में बताया जा रहा है कि सिटी थानाक्षेत्र के अंतर्गत सबसे टेंशन वाले थाने की एक नगर वाली चौकी पर फिर मामला बेहद दैनीय चल रहा है। आलम यह है कि दो कमरों वाली चौकी से भीड़ सड़क तक जमा रहती है। सुनने में आ रहा है कि चौकी वाले टू-स्टार से कुछ भी संभल नहीं रहा है। वह जिस चैनल से आए थे वो भी बेहाल चल रहे है। आसपास वाले बता रहे हैं कि कई टू-स्टार होने के बावजूद भी पब्लिक की भीड़ ऑन रोड हो रही है, जो इलाके के प्रभारी और एसीपी के लिए ठीक संदेश नहीं है । बताया जा रहा है कि यहां छोटे-छोटे विवाद सुलझाने के लिए खुद थाने वालों को जाना पड़ता है। वहीं लाइन पार के एक सीनियर टू-स्टार और दो थानों के प्रभारी भी रडार पर आएंगे, ऐसा सिटी वाले सोर्स बता रहे हैं। कुल मिलाकर सुनने में आ रहा है कि 4 जून के बाद सिटी जून में कई चौकी प्रभारी पैदल होंगे। अब इसमें रडार पर कौन आता है और किसकी वर्किंग को बेहतर मानते हुए बचाव किया जाएगा यह देखना है। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी से कुछ चेहरे ट्रांस हिंडन जोन जाने के लिए बेताब चल रहे हैं। उनका कहना है कि जो मजा वहां है वह सिटी में नहीं आ रहा है। उधर चर्चाओं का बाजार इस बात को लेकर भी गर्म है कि सिटी के कौन से दो थाने हैं जो रडार वाली लिस्ट पर आएंगे। इन सबके बीच अभी सिटी जोन वालों को मतणना की टेंशन के साथ पॉलिटिक्ल हलचल का भी ध्यान देना होगा। वैसे सुनने में आ रहा है कि चार जून के लिए कई तरह की नई व्यवस्थाएं होनी है। बताया जा रहा है कि जून के बाद सिटी के साथ ही देहात और ट्रांस हिंडन जोन को लेकर भी कई तरह की खबरें आने की उम्मीद की जा रही है। देखना होगा कि चार जून के बाद किसको किस इलाके में और कब भेजा जाएगा। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन की लगभग आठ से नौ चौकी चुनाव के बाद बदलाव की भेंट चढ़ेगी। उनके टू-स्टार पैदल भी होंगे।

# बदमाशों ने दुकान से नकदी व सामान किया चोरी, रिपोर्ट दर्ज



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव कन्नौजा धेदा मार्ग स्थित एक दुकान में घुसकर बदमाश नकदी व सामान चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गांव धेदा निवासी राहुल गुप्ता की कन्नौजा धेदा मार्ग पर अंश कोल्ड ड्रिंक के नाम से दुकान है। राहुल गुप्ता न बताया कि जब सुबह के समय उसने अपनी दुकान खोली तो गल्ले से सारे पैसे गायब थे और दुकान का सारा सामान इधर उधर बिखरा हुआ था। राहुल गुप्ता ने बताया कि बदमाश गल्ले से दस हजार की नकदी, चार हजार रुपए के दस व बीस रुपए के सिक्के के अलावा दूध चोरी करके ले गए हैं। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल के वार्षिकोत्सव में देवी अहिल्यावाई होल्कर नाटक का मंचन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को प्राइमरी कक्षाओं का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। वार्षिकोत्सव में भारत की धरोहर देवी अहिल्या नाटक को कक्षा चार व छह के छात्रों ने आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया। समारोह में सुश्री पल्लवी सिंह एवं सुश्री छवि चौहान श एआरटीओ हापुड़ ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

विद्यालय की एग्जीक्यूटिव हैड सुश्री सुजैन होम्स ने समस्त अभिभावकों तथा उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि यह महत्वाकांक्षाओं से भरा शानदार कार्यक्रम था। इसे संभव बनाने में हमारे अध्यापक व अभिभावकों ने पूर्ण सहयोग दिया। इसके लिए विशेष रूप से हमारे छात्र बधाई के पात्र हैं। उन्होंने विद्यालय की निरंतर प्रगति का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम का आरंभ छात्रों ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 18 वीं सदी की महान विभूति अहिल्याबाई होल्कर का संपूर्ण जीवन था जो भारत के इतिहास की सशक्त महिलाओं में से एक थीं और अपने कल्याणकारी कदमों की वजह से वे मृत्यु के बाद एक संत के रूप में याद की जाती रहो हैं। इस कहानी में छात्रों ने उनके सामान्य बचपन से महारानी बनने की यात्रा को दर्शाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों ने यह भी संदेश दिया कि क्षमता हमारे अंदर ही है, आवश्यकता उसे समझकर उभारने की है। समारोह के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ० अरुणाभ सिंह ने नाटक की कहानी व छात्रों के अद्भुत अभिनय की तहेदिल से प्रशंसा की तथा उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कार्यक्रम के निर्माण में सहयोग देने वाले सभी को बधाई दी तथा उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को मारी गोली



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लोनी बार्डर क्षेत्र प्रॉपर्टी डीलर विक्रम मावी हत्याकांड में पुलिस ने शुक्रवार देर रात मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पकड़े गए दोनों बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

**11 मई को विक्रम मावी की हुई थी हत्या**

एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि थाना लोनी बॉर्डर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 11 मई को थाना क्षेत्र लोनी बॉर्डर में पाइपलाइन रोड पर टीला के विक्रम मावी की हत्या करने वाले बदमाश लाल बाग मंडी की और से आ रहे हैं। सूचना पर थाना लोनी बॉर्डर पुलिस लाल बाग क्षेत्र मे सघन चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक पर आ रहे दो संदिग्धों को टॉर्च की रोशनी दिखा कर रोकने का प्रयास किया तो दोनों संदिग्ध पुलिस टीम को देखकर हड़बड़ा कर वापस मोटरसाइकिल मुडाकर भागने का प्रयास करने लगे तो बाइक फिसल कर गिर गई। जिसके बाद बदमाश पुलिस टीम को निशाना कर जानलेवा फायर करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया।

**पवन भाटी के साथ मिलकर की हत्या**

घायल बदमाशों मौके पर ही बताया उन्होंने ही पवन भाटी के साथ मिलकर विक्रम मावी की हत्या की है। दोनों पर 25-25 हजार का इनाम है। दोनों की पहचान विमल और प्रशांत के रूप में हुई है। इनके कब्जे से 2 तमंचे, कारतूस और चोरी की बाइक बरामद की गई है।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी ने रजापुर में लगाया प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भरतीय रेड क्रॉस सोसायटी ने ब्लॉक रजापुर के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर लगाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव तथा अन्य विशिष्ट अतिथि ज़िला समन्वयक बालिका शिक्षा कुनाल मुद्गल, मेजर डॉक्टर प्राची गर्ग रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रेडक्रॉस की सदस्य पूनम शर्मा ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्व रेडक्रॉस दिवस एवं प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण की आवश्यकता और महत्ता से अवगत कराया। डॉ. किरण गर्ग सचिव, रेड क्रॉस सोसायटी का आभार व्यक्त किया जिनके सौजन्य से कस्तूरबा की सभी बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि ओ पी यादव ने बच्चों से अपने व्यवहारिक जीवन में दूसरों के प्रति सेवा भाव रखने की बात कही, उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस एक विश्व व्यापी संस्था है इसके उद्देश्यों को पूरा करना और जरूरत पड़ने पर प्रयोग में लाना वक्त की जरूरत है। मुख्य प्रशिक्षक डॉक्टर अनीता यादव ने रेडक्रॉस की स्थापना और इतिहास से आरम्भ करते हुए इन्फेंट, चिल्ड्रेन और एडल्ट सी पी आर, ब्लॉकिंग, जलने और डूबने पर दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा के विषय में विस्तार से जानकारी दी। बच्चे की डमी से प्रदर्शन करते हुए प्रस्तुतिकरण किया जिसे बच्चों ने अत्यंत रुचि लेकर सीखा। मेजर डॉक्टर प्राची गर्ग ने बच्चों को हाथों की स्वच्छता, शारीरिक स्वच्छता तथा भजन में पाए जाने वाले पोषक तत्वों के बारे में बताया, हाथों को धोने का तरीका एक छोटे से फार्मूले के अनुसार समझाते हुए सभी बच्चों से स्वच्छता का वादा लिया। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुणाल मुद्गल ने रेड क्रॉस के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बालिकाओं को निर्देश दिए कि सभी महत्वपूर्ण बातों को आप सभी अपनी डायरी में नोट करें और दूसरों को भी जागरूक करें। समझ ना आने पर प्रश्न करने में जरा भी ना झिझकें लेकिन सही जानकारी प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंत में कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन सविता त्यागी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अन्य अतिथियों तथा रेड क्रॉस संस्था का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार शर्मा, विनीता त्यागी, अमित चौधरी, सुधा, ममता रानी, बृजेश रानी, कल्पना संजू यादव, पुष्पेंद्र, दिनेश आदि मौजूद रहे।

# फायर कर्मियों ने फरिश्ता बनकर दो लोगों को आग से बचाया



**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर-104 स्थित एक होटल में शनिवार को आग लग गई। आग होटल की चौथी मंजिल पर लगी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायरकर्मी मौके पर पहुंचे। दमकल की एक गाड़ी ने ही आग पर काबू पा लिया। हालांकि इस आग में एक लड़का और एक लड़की फंस गए थे जिन्हें रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया।

**अस्पताल में कराया भर्ती**

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि शाम करीब 5.35 बजे कंट्रोल रूम से नोएडा सेक्टर-104 स्थित एक बैंक्वेट होटल में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि गाड़ियों को रवाना कर दिया गया है। यहां आकर देखा तो चौथी मंजिल पर आग लगी हुई थी।

जिसमें एक लड़का और एक लड़की फंस गये। आग बुझाकर दोनों को बाहर निकाला गया। अत्यधिक धुएं के कारण उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


**20 मिनट में पाया काबू**

सीएफओ ने बताया कि करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग पूरी तरह से बुझ गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## ओम सन पब्लिक स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

# शतरंज खेल मानसिक खेल ही नहीं बल्कि सूझ- बूझ का परिचायक है : अनुराग गुप्ता





**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र स्थित ओम सन पब्लिक स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 9 तक के छात्र-छात्राओं ने बड़े जोश व उत्साह के साथ भाग लिया। स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर अनुराग गुप्ता ने कहा कि छात्रों को बौद्धिक विकास के साथ- साथ शारीरिक विकास की भी आवश्यकता है, शतरंज एक ऐसा खेल है जो बच्चों के बौद्धिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। यह खेल होने के साथ- साथ छात्रों के बौद्धिक स्तर का विकास करता है, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह अति आवश्यक है शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ कक्षा नर्सरी के नन्हें- मुन्ने छात्र- छात्राओं के द्वारा प्रतियोगी बच्चों को पुष्प देकर कराया गया सभी बच्चों ने बड़ी सूझ- बूझ व बुद्धिमता से एक दूसरे को मात देते हुए बड़ा रोमांचक खेल खेला। इसमें कक्षा 8 के विराट प्रथम, कक्षा 8 के दीपक द्वितीय और कक्षा 9 के हर्ष कुमार तृतीय रहे, कक्षा 6 के वंश मित्तल को चतुर्थ स्थान मिला। प्रतियोगिता में विजयी छात्रों के साथ उनके कोच रमन शर्मा को स्कूल एकेडमिक डाइरेक्टर अनुराग गुप्ता ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्कूल कोर्डिनेटर डॉ. पूर्णिमा वार्ष्णेय, रितु दास, स्पोर्ट्स कोच गजेंद्र त्यागी के साथ समस्त स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे ।

## डेंगू की बीमारी से बचने के लिए जागरूक किया

**नोएडा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न हिस्सों में लोगों को इस घातक बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिला स्वास्थ्य विभाग ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता और जनसभाओं के माध्यम से डेंगू के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। विजेताओं को किया पुरस्कृत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि इस वर्ष की थीम 'Connect With Community Control Dengue' है। अभियान के तहत सेक्टर-8 की मलिन बस्ती में घर-घर जाकर कूलरों, छत के पानी के बर्तनों और नालियों को साफ कराया गया।

साथ ही लोगों को डेंगू के लक्षण और बचाव संबंधी जागरूक किया गया। पंचशील बालक इंटर कॉलेज में डेंगू पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विजेताओं को डॉ. शर्मा ने पुरस्कृत किया। छात्रों को डेंगू से बचाव पर वीडियो भी दिखाया गया।

# कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाया, अवैध निर्माण करने वालों में मचा हड़कंप



**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण (HPDA) के अधिकारियों ने शहर में 8 जगहों पर ध्वस्तीकरण और 2 जगहों पर सीलिंग की कार्रवाई की है। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

**इन जगहों पर चला बुलडोजर**

प्राधिकरण टीम ने गांव गढ़ बागर मेरठ रोड पर सुरेंद्र कुमार गुप्ता, अरुण कुमार रस्तोगी की 20,000 वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग, नहरवाई कॉलोनी के बराबर में मेरठ रोड पर सुरेंद्र कुमार गुप्ता, अरुण कुमार रस्तोगी की 6500 वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग, शेरा कृष्णा वाली मढेय्या में मोहम्मद खालिद की 10,000 वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग, गांव गढ़ बागर अल्लाहबक्शपुर रोड पर दीपक शर्मा की 8,000 वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग, गांव गढ़ बागर इंद्रानगर कॉलोनी के सामने एनएच-9 पर मोहम्मद मुजाहिद, कमरे आलम व आनंददीप सिंह की 25,000 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग, मोहल्ला इंद्रानगर (घोड़ा फार्म) पुरानी दिल्ली रोड गढ़मुक्तेश्वर में गौरव प्रताप मोहम्मद शाहिद की 20,000 वर्ग मीटर में अवैध प्लाटिंग, स्याना रोड, भूपेंद्र नर्सिंग होम के पीछे गढ़मुक्तेश्वर पर जितेंद्र यादव और अर्जुन दास की 16,000 वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया, इन सभी जगहों पर मानचित्र स्वीकृत नहीं था।

**यहां हुई सीलिंग की कार्रवाई**

वहीं, प्राधिकरण की टीम ने भोगापुर रोड ब्रजघाट पर विकास आचार्य के 200 वर्ग मीटर हाल और वार्ड 15 अन्नपूर्णा शक्ति पीठ आश्रम के पास ब्रजघाट पर मनोज पांडेय का 25 वर्ग मीटर में कमरे व हाल को मानचित्र न होने पर सील कर दिया।

**नक्शा स्वीकृत कराकर ही करें निर्माण**

हापुड-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि वह अवैध निर्माण को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत कराकर ही निर्माण करें, अन्यथा प्राधिकरण द्वारा सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यशवाही करने के साथ-साथ ऐसे अवैध निर्माणकताओं के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सिंगापुर में कोविड-19 की नई लहर का खतरा लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या

**सिंगापुर।** सिंगापुर में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामलों ने दुनिया के दूसरे देशों में भी डर पैदा करना शुरू कर दिया है। क्या यह कोरोना की एक और नई लहर की वापसी है, क्या फिर कोरोना से दुनिया में हाहाकार मचने वाला है। ऐसे कई सवाल हैं, जो लोगों को परेशान कर रहे हैं। इसी बीच सिंगापुर कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या से हैरान है। यहां कोविड-19 की नई लहर देखने को मिल रही है। लगातार कोविड-19 के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पांच से 11 मई के बीच करीब 26000 मामले सामने आए। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्री ओंग ये कुंग ने मास्क पहनने की सलाह दी है।

विशेषज्ञों ने दी मास्क पहनने की सलाह



### सिंगापुर में एक नई लहर

मंत्री के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'हम एक नई लहर की शुरूआत देख रहे हैं, जहां यह लगातार बढ़ रही है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि अगले दो से चार सप्ताह में लहर अपने चरम पर पहुंच सकती है। इसका मतलब साफ है कि जून के मध्य और अंत के बीच सिंगापुर में एक नई लहर देखने को मिलेगी।'

### 250 मरीज आ रहे हर दिन

स्वास्थ्य मंत्रालय (एमओएच) का कहना है कि पांच से 11 मई के बीच कोविड-19 मामलों की अनुमानित संख्या पिछले सप्ताह में 13,700 मामलों की तुलना में बढ़कर 25,900 हो गई। कोरोना महामारी के रोजाना आने वाले मामले 181 से बढ़कर लगभग 250 हो गए हैं।

### घर पर देखभाल करने की सलाह

मंत्रालय ने कहा कि बिस्तर की क्षमता को बचाने के लिए नए कदम उठाए जा रहे हैं। सार्वजनिक अस्पतालों को अपने गैर-जरूरी वैकल्पिक सर्जरी के मामलों को कम करने और उपयुक्त रोगियों को संक्रमणकालीन देखभाल सुविधाओं में स्थानांतरित करने को कहा गया है। साथ ही हल्के फुल्के बीमार व्यक्ति की घर पर देखभाल करने को कहा है।

**वरिष्ठ नागरिकों या गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को किया सतर्क :** स्वास्थ्य मंत्री ने उन लोगों से आग्रह किया, जिन्हें गंभीर बीमारी का सबसे बड़ा खतरा है।

जैसे- 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति, चिकित्सकीय रूप से कमजोर व्यक्ति और वृद्ध देखभाल सुविधाओं के निवासी शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा, 'एक हजार बेड की क्षमता एक क्षेत्रिय अस्पताल के बराबर है। इसलिए मैं सोचता हूं कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को आने वाले समय के लिए खुद को तैयार करना होगा।'

उन्होंने सिंगापुरवासियों को बीमार होने पर मास्क पहनने और घर पर रहने तथा टीकाकरण कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों या गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए साल में एक बार टीकाकरण कराना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें संक्रमण जल्दी चपेट में ले सकता है।

# हांगकांग-सिंगापुर के बाद अब इस देश में भारतीय मसालों की ब्रिकी पर प्रतिबंध

**काठमांडू।** भारत के दिग्गज मसाला ब्रांड्स पर आई आफत दिन प्रति दिन बढ़ती ही जा रही है। भारतीय मसालों को लेकर पिछले महीने जो विवाद शुरू हुआ था, वह अब तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सिंगापुर, हांगकांग होते हुए ये विवाद अब नेपाल तक पहुंच गया है। भारत के पड़ोसी देश नेपाल ने गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के चलते भारतीय ब्रांडों द्वारा निर्मित कुछ मसालों की बिक्री और आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है।



### पड़ोसी देश ने यह बताई वजह

नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग ने 100 से ज्यादा पुरानी भारतीय मसाल कंपनी एवरेस्ट और एमडीएच के आयात, उपभोग और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके अलावा एथिलीन ऑक्साइड के मात्रा की भी जांच शुरू कर दी है। बता दें कि एमडीएच और एवरेस्ट के चार उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड की अधिक मात्रा का हवाला देते हुए प्रतिबंध लगा गया है। जिन मसालों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें- मद्रास करी पाउडर, सांभर मिक्स मसाला पाउडर, एमडीएच का मिक्स्ड मसाला करी पाउडर और एवरेस्ट का फिश करी मसाला शामिल है।

### नेपाल के खाद्य नियंत्रण विभाग के अधिकारी का बयान

नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के अधिकारी ने कहा, 'हमारा ध्यान मीडिया में आई उन खबरों की ओर गया है, जिनमें कहा गया कि ये घटिया उत्पाद बाजार में बेचे जा रहे हैं और ये उपभोग के लिहाज से नुकसानदेह हैं। इन चार उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड की अधिक मात्रा पाई गई है। इसलिए देश के भीतर इन उत्पादों के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।' खाद्य गुणवत्ता नियंत्रण नियामक ने आयातकों और व्यापारियों से इन उत्पादों को बाजार से वापस लेने का भी आग्रह किया है।

### हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर ने भी लगाया प्रतिबंध

गौरतलब है, पिछले महीने हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर ने कुछ मसालों पर बैन लगा दिया था। फेडरेशन ऑफ इंडियन स्पाइस स्टेकहोल्डर्स ने शुक्रवार को कहा कि अगर निर्यात के लिए मसालों में एथिलीन ऑक्साइड संदूषण के मुद्दे को जल्द से जल्द हल नहीं किया जाता है तो वित्त वर्ष 2025 में भारत का मसाला निर्यात लगभग 40 प्रतिशत घट सकता है।

# किर्गिस्तान में हिंसा: 3 पाकिस्तानी छात्रों की हत्या

**बिश्केक।** मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान में मेडिकल की पढ़ाई करने गए भारतीय और पाकिस्तानी छात्रों की जान खतरे में पड़ गई है। दरअसल किर्गिस्तान से खबर आई है कि वहां स्थानीय लोगों ने तीन पाकिस्तानी छात्रों को पीट-पीटकर मार डाला। स्थानीय लोग अन्य पाकिस्तानी छात्रों को भी निशाना बना रहे हैं। चूंकि भारतीय और पाकिस्तानी दिखने में एक जैसे लगते हैं, इसलिए भारतीय छात्रों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। ऐसे हालात में भारतीय विदेश मंत्रालय ने किर्गिस्तान में रहने वाले भारतीय छात्रों के लिए एडवाइजरी जारी की है और उन्हें घरों के भीतर ही रहने की सलाह दी है।




**क्या है हिंसा भड़कने की वजह :** किर्गिस्तान में पाकिस्तानी छात्रों के खिलाफ हिंसा भड़कने की वजह का अभी पता नहीं चल सका है, लेकिन सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियोज में दावा किया जा रहा है कि कुछ मिस्त्र और अरब के छात्रों का स्थानीय लोगों से झगड़ा हुआ था और अरब के छात्रों ने स्थानीय लोगों से मारपीट कर दी थी। दावा किया जा रहा है कि इसका आरोप पाकिस्तानी छात्रों पर लगा और स्थानीय लोग पाकिस्तानी छात्रों पर टूट पड़े। स्थानीय लोगों के हमले में तीन पाकिस्तानी छात्रों की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई।

**भारतीय विदेश मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी :** भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'हम भारतीय छात्रों के संपर्क में हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे घरों के अंदर ही रहें और कोई भी समस्या होने पर दूतावास से संपर्क करें।' भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भी किर्गिस्तान के हालात पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा कि 'हम भारतीय छात्रों की भलाई के लिए बिश्केक में हालात पर नजर रखे हुए हैं। हालात फिलहाल नियंत्रण में है।

# भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर की बैठक

**अबूधाबी।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आईएमईईसी के सशक्तिकरण और संचालन के लिए सहयोग से जुड़े अंतर सरकारी फ्रेमवर्क के तहत 15 से 17 मई तक बैठकें कीं। नई दिल्ली से पहला अंतर-मंत्रालयी प्रतिनिधि मंडल अबू धाबी पहुंचा था।



अबू धाबी में भारतीय दूतावास की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईईसी) दक्षता पैदा करने और लागत कम करने के लिए प्रभावी वैकल्पिक मार्ग प्रदान करेगा। यूएई में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने डीपी वर्ल्ड यूएई, एडी पोर्ट्स ग्रुप और यूएई के फेडरल कस्टम अथॉरिटी जैसी प्रमुख संस्थाओं के साथ चर्चा की।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल में जहाजरानी, बंदरगाह और जलमार्ग मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क बोर्ड और दीनदयाल उपाध्याय बंदरगाह, कांडला के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने खलीफा बंदरगाह, फुजैरा बंदरगाह और जेबेल अली बंदरगाह का दौरा किया, जहां उन्होंने भारत और यूएई और उससे आगे माल की आवाजाही सुविधाजनक बनाने के लिए संबंधित बंदरगाह अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने यूएई के सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ भी बैठकें कीं।

भारतीय दूतावास ने कहा, समझौते पर हस्ताक्षर करने के तीन महीने के भीतर हुई यात्रा दोनों सरकारों द्वारा आईएमईईसी परियोजना को दिए जाने वाले महत्व को दिखाती है। गलियारा प्रभावी वैकल्पिक आपूर्ति मार्ग प्रदान करेगा।



### अमेरिका ने की भारतीय मतदाताओं की सराहना, कहा-

# दुनिया में भारत से ज्यादा जीवंत लोकतंत्र नहीं

**वाशिंगटन।** भारत में लोकसभा चुनाव के चार चरण संपन्न हो चुके हैं। पांचवें चरण का मतदान 20 मई को होगा। चुनाव एक जून को सातवें चरण के साथ संपन्न हो जाएगा। इसके नतीजे चार जून को आएंगे। इस बीच, अमेरिका ने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए भारत के लोगों की सराहना की। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं।

**मतदान करने की क्षमता पर यह कहा :** व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी एक संवाददाता सम्मेलन में भारत में चल रहे चुनावों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि विश्व में भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र नहीं हैं। हम भारत के लोगों की मतदान करने की उनकी क्षमता और उनकी भविष्य की सरकार में आवाज उठाने के लिए सराहना करते हैं। निश्चित रूप से हम पूरी प्रक्रिया के सही ढंग से होने की कामना करते हैं।'

**पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत-अमेरिका संबंध मजबूत हुए :** एक अन्य सवाल के जवाब में किर्बी ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत हुए हैं। खासतौर पर बाइडन प्रशासन के पिछले तीन वर्षों के दौरान रिश्तों में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ हमारे संबंध बेहद करीबी हैं और भी पास होते जा रहे हैं।

**भारत में मतदाताओं की संख्या**

| | |
|---|---|
| 96.8 | करोड़ कुल पंजीकृत मतदाता |
| 47.1 | करोड़ महिलाएं |
| 49.7 | करोड़ पुरुष |
| 1.89 | करोड़ लोग पहली बार मतदान देंगे |
| 88.4 | लाख दिव्यांग |
| 82 | लाख 85 साल से अधिक उम्र के |
| 48 | हजार ट्रांसजेंटर |
| 85 | साल से अधिक की उम्र के लोगों के लिए घर से वोट करने की सुविधा की गई है। |

# देश की परमाणु ताकत बढ़ाने पर किम जोंग उन का जोर

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया लगातार अपने हथियारों के बेड़े को मजबूत करता जा रहा है। अब यहां के राष्ट्रपति किम जोंग उन ने एक बार फिर देश की परमाणु शक्ति को बढ़ाने का संकल्प लिया है। ऐसे में उत्तर कोरिया ने एक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया।



**देश की परमाणु शक्ति को और मजबूत करने पर जोर :** एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि किम ने देश की परमाणु शक्ति को और मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया है। इसके लिए एक नई ऑटोनोमस नेविगेशन सिस्टम के सटीक होने और विश्वसनीयता का आंकलन करने के मिशन पर पूर्वी सागर यानी जापान सागर में इसका सफल परीक्षण किया गया। राष्ट्रपति उन ने मिसाइल परीक्षण को लेकर खुशी जताई है।

**दक्षिण कोरिया ने भी दी जानकारी :** दक्षिण कोरिया की सरकार ने शुक्रवार को मिसाइल दागने की जानकारी दी है। उसका कहना है कि उत्तर कोरिया ने कम दूरी की कई संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। सियोल ने मिसाइल परीक्षण की इस घटना को उत्तर कोरिया के पूर्वी वॉनसन क्षेत्र से लगे तट पर पानी में कई उड़ने वाली वस्तुएं, जिन्हें छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें माना जाता है के रूप बताया है।

**यह है खासियत :** सियोल में ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ का कहना है कि मिसाइलों ने करीब 300 किलोमीटर (186 मील) की दूरी तय की है। उन्होंने ये भी कहा कि सेना ने प्रक्षेपण की तैयारी को लेकर सतर्कता और निगरानी को मजबूत रखा है।

# भारत को विशेष चिंता वाला देश बताने पर भड़के अमेरिकी हिंदू, कहा- यह रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय ने अमेरिका के कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम की हालिया रिपोर्ट की आलोचना की है और कहा है कि यह रिपोर्ट गलत तथ्यों के आधार पर और पक्षपातपूर्ण तरीके से बनाई गई है। साथ ही इस बात पर भी नाराजगी जताई कि दुनिया के तीसरे सबसे बड़े हिंदू धर्म का कोई प्रतिनिधि यूएससीआईआरएफ के प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं है। अमेरिका में भारतीयों के एक प्रमुख थिंक टैंक फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज के पॉलिसी और रणनीति अध्यक्ष खांडेराव कांड ने ये बात कही।



**भारतीय डायस्पोरा ने लगाए आरोप :** वरउक्क्रक्र ने शुक्रवार को अपने तीन नए सदस्यों की नियुक्ति का एलान किया। जिसके तहत मौरीन फर्ग्युसन, विकी हार्जलर, आसिफ मोहम्मद को नया सदस्य बनाया गया है, वहीं स्टीफन शेनेक और एरिक येलेंड की फिर से नियुक्ति की गई है।

आयोग के पूर्व कमिश्नर अब्राहम कूपर, डेविड करी, फ्रेडरिक डेवी, मोहम्मद मैगिड, नूरी तुर्केल और फ्रैंक वोल्फ का कार्यकाल 14 मई को समाप्त हुआ है। खांडेराव कांड ने कहा कि यूएससीआईआरएफ के नेताओं ने एक बार फिर से वह ऐतिहासिक अवसर गंवा दिया, जिसमें वे आयोग में विविधता को संतुलित करते हुए नियुक्तियां करते। इस दुनिया में हर छह में से एक व्यक्ति हिंदू है, लेकिन आयोग में हिंदू धर्म का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

### यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट पक्षपाती

यूएससीआईआरएफ की सालाना रिपोर्ट भारत के प्रति पक्षपाती है। खांडेराव कांड ने कहा कि रिपोर्ट में कुछ तथ्य हैं, लेकिन यह पूरी सही तस्वीर नहीं दिखाती, इसमें कई तथ्यों को छिपा लिया गया है। यह भारत विरोधी रिपोर्ट है। रिपोर्ट में भारत को विशेष चिंता वाला देश बताया गया है, जो कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में यूएससीआईआरएफ द्वारा भारत के प्रति ऐसी सिफारिश करना समझ से परे है। भारत का आधार ही विविधता और बहुलतावाद है।

खांडेराव ने कहा कि रिपोर्ट में एक धर्म विशेष के मुद्दों पर ही ध्यान दिया गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम दंगों का इतिहास रहा है, लेकिन बीते साल भारत में एक भी दंगा नहीं हुआ, लेकिन रिपोर्ट में इस बात पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया गया है।

# विश्वविद्यालय में तलवार लेकर घूमता दिखा शख्स, सशस्त्र बल किया तैनात

**लंदन।** ब्रिटेन के मैनचेस्टर मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी में हंगामा खड़ा हो गया। खबर मिली थी कि एक शख्स तलवार लेकर विश्वविद्यालय के सिटी सेंटर में खड़ा है। इस पर ही बवाल मच गया। फिर क्या था एक के बाद एक पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंचने लगी। सशस्त्र इकाइयों समेत बड़ी संख्या में पुलिस पहुंची। बाद में पता चला कि सभी को गलतफहमी हुई थी।




दरअसल, एक छात्र नकली तलवार से थिएटर में रिहर्सल कर रहा था। वह अचानक तलवार लेकर बाहर आ गया। वहां मौजूद एक शख्स ने चिंता जताते हुए पुलिस को शिकायत दे दी। तत्परता दिखाते हुए भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची।

ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस (जीएमपी) के प्रवक्ता ने बताया, 'आज सुबह ग्रॉसवेनर स्ट्रीट पर एक इमारत में हथियारबंद अधिकारियों को बुलाया गया, क्योंकि खबर मिली थी कि एक पुरुष तलवार लेकर खड़ा है। बाद में अधिकारियों को पता चला कि तलवार नकली थी। उसे लकड़ी से बनाया हुआ था। इसे महज नाटक के लिए बनाया गया था।'

**मामला सुलझाया :** अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही पता चल गया था कि तलवार लकड़ी की है। गलतफहमी के चलते सूचना दी गई। पुलिस और विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मचारियों के बीच इस मुद्दे को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया।

**पिछले महीने किया था एक शख्स ने हमला :** गौरतलब है, पिछले महीने की अंत में ब्रिटेन की राजधानी लंदन के हैनॉल्ट इलाके के पास 36 साल के युवक ने लोगों पर तलवार से हमला कर दिया था। हमले में 13 साल के एक लड़के की मौत हो गई थी। चार लोग घायल हुए थे, इनमें दो पुलिस अधिकारी शामिल थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

मैट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया था कि लोकल समय के मुताबिक सुबह सात बजे पुलिस को थर्लो गॉर्डन इलाके में एक गाड़ी के घर में घुसने की सूचना मिली थी।

# हथौड़े से हमला करने वाले शख्स को सुनाई गई 30 साल की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद के प्रतिनिधि सभा की पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी के पति पर हथोड़े से हमला करने वाले व्यक्ति शुक्रवार को 30 साल की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश जैकलीन स्कॉट कॉर्ली ने डेविड डेपेप को सजा सुनाई।



डेपेप (44 वर्षीय) को जूरी सदस्यों ने पिछले नवंबर में एक संघीय अधिकारी के अपहरण के प्रयास और एक संघीय अधिकारी के परिवार के सदस्य पर हमले का दोषी पाया है। अभियोजकों ने डेपेप के लिए चालीस साल की सजा की मांग की थी।

न्यायाधीश जब सजा सुना रहे थे तब डेपेप चुपचाप खड़ा रहा और कई बार नीचे देखते रहा। डेपेप के वकील ने न्यायाधीश से उसे 14 साल की सजा देने के लिए कहा था। इसके लिए उन्होंने दलील दी थी कि डेपेप अपने जीवन में एक कठिम समय से गुजर रहा है और उसका कोई पूर्व आपराधिक इतिहास नहीं है।

वहीं, न्यायाधीश कार्ली ने डेपेप को सजा सुनाते समय इस तथ्य को ध्यान में रखा कि वह एक सरकारी अधिकारी के घर में घुसा। उन्होंने कहा कि डेपप वास्तव में घर में घुसा था और यह पूरी तरह से एक अभूतपूर्व कृत्य है। सजा सुनाने से पहले क्रिस्टीन पेलोसी ने अपने पिता और मां की ओर से गवाही दी और बताया कि हिंसक हमले ने कैसे उनके जीवन को बदल दिया। डेपेप ने अदालत में माना कि वह 28 अक्तूबर, 2022 को पेलोसी के सैन फ्रांसिस्को स्थित घर में घुसा था और उसका इरादा स्पीकर को बंधक बनाने का था। उसने पॉल पेलोसी को हथोड़े से पीटने की बात भी स्वीकार की।

# ब्रिटेन में अरबपतियों की संख्या में आ रही कमी, फिर भी पीएम सुनक की बढ़ी रईसी

**लंदन।** ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति की रईसी बढ़ती जा रही है। दो साल पहले वार्षिक 'संडे टाइम्स रिच सूची' में पहली बार ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी ने जगह बनाई थी। 2024 में इस सूची में वे और ऊपर पहुंच गए हैं। रैंकिंग में उछाल की वजह उनकी कंपनी इन्फोसिस है। सुनक और अक्षता की संपत्ति में पिछले एक साल में 12 करोड़ पाउड से अधिक की वृद्धि हुई है। ऐसे में इनकी संपत्ति अब 65.1 करोड़ पाउंड हो गई है।



चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के बीच भी सुनक और मूर्ति की संपत्ति में वृद्धि दर्ज की गई। पिछले वर्ष इनकी संपत्ति 52.9 करोड़ पाउंड थी। अब यह दंपती 65.1 करोड़ पाउंड की अनुमानित संपत्ति के साथ सूची में पिछले साल के 275वें पायदान से चढ़कर 245वें स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ ही वे ब्रिटिश प्रधानमंत्री आवास '10 डाउनिंग स्ट्रीट' को अपना घर कहने वाले सबसे धनी लोग बन गए हैं।

**अक्षता मूर्ति की कमाई पति से ज्यादा :** ऐसा कहा जाता है कि अक्षता मूर्ति की कमाई उनके पति से कहीं अधिक है। कारण है कि फरवरी में प्रकाशित वित्तीय विवरणों के हवाले से कहा गया है कि सुनक ने 2022-23 में 22 लाख ब्रिटिश पाउंड की कमाई की। जबकि पिछले वर्ष मूर्ति ने लाभांश के रूप में एक अनुमान के अनुसार 1.3 करोड़ पाउंड कमाए।

**इस कंपनी को सारा श्रेय :** इस साल की वृद्धि का श्रेय काफी हद तक इन्फोसिस में मूर्ति की हिस्सेदारी को दिया जा सकता है। इन्फोसिस बंगलूरू स्थित आईटी कंपनी है, जिसकी सह-स्थापना अक्षता के पिता नारायण मूर्ति ने की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इन्फोसिस में मूर्ति के शेयरों की कीमत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह एक साल की अवधि के भीतर 10.88 करोड़ पाउंड बढ़कर लगभग 59 करोड़ पाउंड हो गया है। हालांकि, यह ध्यान देने वाली बात है कि दंपती की वर्तमान संपत्ति अभी भी साल 2022 से कम है। उस समय करीब 73 करोड़ पाउड़ तक संपत्ति पहुंच गई थी।

## जनरल वीके सिंह ने अजय गुप्ता के आवास पर पहुंचकर दी उनके भाई को श्रद्धांजलि






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। केन्द्रीय मंत्री व सांसद जनरल वीके सिंह ने अजय गुप्ता के आवास पर पहुंचकर उनके भाई स्वर्गीय विनोद गुप्ता की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान उनके साथ समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता भी मौजूद थे। अजय गुप्ता ने बताया कि उनके भाई विनोद गुप्ता की पुण्यतिथि पर केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह लद्दाख में होने की वजह से नही आ पाए थे। यह उनका आत्मीय व्यवहार है कि वह अपनों के सुख दुख में शामिल होना नही भूलते। एक बड़े व्यक्तित्व की यही पहचान होती है

## कलक्ट्रेट में आयोजित जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक में

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने अवैध भू-जल दोहन रोकने के दिये निर्देश




**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक की गयी।

बैठक में पोर्टल पर नोटीफाइड क्षेत्र के अनापत्ति निर्गमन के लिए 10 आवेदन, कूप पंजीकरण के लिए 08 आवेदन एवं एनओसी नवीनीकरण श्रेणी के 17 आवेदनों सहित कुल 35 आवेदनों पर विचार किया गया।

जिनमें से 03 आवेदन स्वीकृत एवं 13 आवेदन अस्वीकृत एवं अवशेष 19 आवेदनों में पायी गई कमियों को सही करने का समय दिया गया। बैठक में हरिओम अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई, नोडल अधिकारी श्रीनाथ पासवान, उपायुक्त उद्योग यागेन्द्र प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी भारत भूषण, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, कुंवर सन्तोष कुमार सहायक पर्यावरण अभियन्ता, उ0प्र0प्र0नि0बो0, श्रीमती अंकिता राय हाइड्रोलाजिस्ट भूगर्भ जल विभाग, शशांक गुप्ता, कु0 निधि सिंह, नवनीत गुप्ता, एनपीपी खोड़ा और लोनी आकाश वशिष्ठ, नामित सदस्य शामिल रहे।

### कई बोरवेल किये गये सील और लगा जुर्माना

**करंट क्राइम।** अवैध रूप से भूजल दोहन करने वाले 12 हॉटमिक्स एवं आरएमसी प्लान्ट साहिबाबाद पर दो-दो लाख रुपए जुमार्ना लगाने एवं बोरवेल सील्ड करने के आदेश दिये गये। लोनी क्षेत्र में भी एक डाइंग एवं पांच सर्विस सेन्टरों पर दो-दो लाख रुपए जुमार्ना लगाने एवं बोरवेल सील्ड करने के आदेश दिये गये। गोविन्दपुरम में एक स्कूल एवं कौशाम्बी में एक हॉस्पिटल पर भी दो-दो लाख रुपए जुमार्ना लगाने एवं बोरवेल सील्ड करने के आदेश दिये गये। 20 सर्विस सेन्टर साहिबाबाद क्षेत्र में 01 रेस्टोरेंट, 02 कम्पनी, 02 मॉल, 01 होटल, 03 मैरिज हॉल, 01 कॉलेज, 05 स्कूलों पर 02-02 लाख रुपए जुमार्ना लगाने एवं बोरवेल सील्ड करने के आदेश दिये गये। ऐक्सप्रेस मार्केट में 01 ऑटोवर्कशॉप पर 02 लाख रुपए जुमार्ना लगाने एवं बोरवेल सील्ड करने के आदेश दिये गये। राजनगर एक्सटेंशन में 02 बैंकटहॉल, 02-02 लाख रुपए जुमार्ना लगाने एवं बोरवेल सील्ड करने के आदेश दिये गये। शिवपुरी, विजयनगर एवं रामनगर एरिया में 02 व्हीलर बाइक सर्विस सेन्टरों पर 02-02 लाख रुपए जुमार्ना लगाने एवं बोरवेल सील्ड करने के आदेश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि भूगर्भ जल को बचाने के लिए विशेष प्रयास किये जाएं।

## प्रबुद्ध नेता पंकज शर्मा शनिवार को श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पहुंचे








गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पंकज शर्मा बीजेपी में शामिल होने के बाद श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पहुंचे और पूजन अर्चन किया। इस दौरान उनके साथ उनके समर्थक मौजूद रहे।

## साहिबाबाद के भाजपा पार्षदों ने लखनऊ जाकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के लिए वोट मांगे






**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** लखनऊ के नाराई क्षेत्र में गाजियाबाद के भाजपा कार्यकर्ता एवं पार्षदों ने पार्टी के पक्ष में मत पाने के लिए प्रचार किया। लखनऊ सीट पर भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के लिए समर्थक व भाजपा कार्यकर्ता प्रचार करने पहुंचे। भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में मतदान की अपील करने पहुंचे पार्षद राजकुमार भाटी ने कहा कि कॉलोनी का कुछ हिस्सा कैण्ट विधानसभा में आता है, जहां से लखनऊ लोकसभा सीट पर मतदान होना है। उन्होंने यहां के मतदाताओं से देश हित एवं विकास के लिए कमल के फूल का बटन दबाने की अपील की और कहा कि अपना मत बेकार न जाने दें और मतदान कर योग्य और मजबूत सरकार बनायें।

पार्षद नरेश भाटी ने कहा कि क्षेत्र से भाजपा को हमेशा से लीड मिली है, इस बार भी सबसे ज्यादा मतदान करा कर भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को विजय लक्ष्य हासिल कराना है। इसके लिए हर एक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निवर्हन कर रहा है।

कॉलोनीवासी भी अपनी जिम्मेदारी निभायें और मतदान दिवस की सुबह अपने परिवार के साथ मत देने निकलें। इस अवसर पर पार्षद राजकुमार भाटी, पार्षद नरेश भाटी, ठाकुर वीरेंद्र सिंह, प्रवीण नागर, अमर यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक नन्दकिशोर गुर्जर तथा पूर्व चेयरमैन रीना भाटी ने मांगे वोट




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** लखनऊ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पक्ष में गाजियाबाद से गए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर व पूर्व चेयरमैन रीना गजेंद्र भाटी ने लोकसभा क्षेत्र में कई नुक्कड़ सभा कीं और भाजपा के पक्ष में वोटों की अपील की। स्थानीय लोगों ने इन सभी नेताओं का स्वागत किया और आश्वासन दिया कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को भारी मतों से जिताएंगे।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि राजनाथ सिंह लगातार तीसरी बार निर्वाचित होने जा रहे हैं। मतदाताओं से जुड़ने के लिए अभियान में बड़े पैमाने पर बैठकें और नुक्कड़ सभाएं की जा रही हैं। लखनऊ में सिम विहार, वृन्दावन कॉलोनी, लालबाग, विशाल सिटी डोडा में ऐसी ही सभाओं को विधायक नन्दकिशोर गुर्जर व पूर्व चेयरमैन रीना भाटी नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर संबोधित किया। उन्होंने भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला और अबकी बार 400 पार के नारे के साथ तीसरी बार सरकार को फिर से चुनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में पीएम के नेतृत्व में देश पूरी तरह से बदल गया है और वैश्विक नेता बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चाहे मानवीय चिंताएं हों या कोविड का चुनौतीपूर्ण समय हो, पीएम ने सभी चुनौतियों के माध्यम से देश को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं और लखनऊ सबसे खूबसूरत शहरों में से एक बनकर उभरा है।

## वार्ड 86 को मिलीं नई चार गाड़ी, घर-घर उठाने पहुंचेंगी कूड़ा : मदन राय




***साहिबाबाद करंट क्राइम।*** *स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए वार्ड 86 के रास्ते नगर निगम ने कमर कस ली है। वार्ड में प्रतिदिन साफ-सफाई के दौरान लगभग कई टन कचरा निकलता है, जनसंख्या के हिसाब से वार्डो में ठीक से सफाई नहीं हो पाती। पार्षद मदन राय के कहा कि वार्ड में तीन गाड़ियां थीं। जिनसे पूरे वार्ड का कूड़ा नहीं उठता, इसको लेकर महापौर सुनीता दयाल से चार गाड़ियों की मांग की थी। शनिवार को वार्ड 86 में चार गाड़ी कूड़ा उठाने के लिए महापौर द्वारा दी गई हैं इसके लिए उन्होंने महापौर सुनीता दयाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कचरा ढोने वाले वाहनों का इन्तजाम कर लिया गया है, जो अब वार्ड में तेजी से सफाई कार्य को अंजाम दे रहे हैं। अब वार्डवासियों को कचरा फेंकने दूर जाना नहीं पड़ेगा, क्योंकि गाड़ी स्वयं डोर टू डोर जाकर कचरा उठाएंगी। अब वार्डवासियों को काफी हद तक राहत महसूस होगी। इसअवसर पर गाड़ी चालकों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।*

## विंडसर नोवा सोसाइटी को मिलना चाहिए 25 लाख लीटर प्रतिदिन गंगाजल: सीपी बालियान

### मुख्यमंत्री, जीडीए वीसी, जल शक्ति मंत्री तथा मेयर को लिखा पत्र

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम की विंड्सर एंड नोवा अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री, जीडीए वीसी, जल शक्ति मंत्री तथा महापौर को पत्र लिखकर सोसाइटी में रहने वाली दस हजार की आबादी के लिए पर्याप्त शुद्ध जल की सप्लाई की डिमांड की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सीपी बालियान ने कहा कि सोसाइटी को लगभग 25 लाख लीटर प्रतिदिन शुद्ध पानी की आवश्यकता है, जबकि अभी हो रही सप्लाई मात्र 3 लाख लीटर की है। ऐसे में मांग और सप्लाई के बीच में एक बहुत बड़ा अंतर है। हर वर्ष वाटर टेबल भी नीचे जा रहा है। सोसाइटी में भविष्य में पानी का एक बड़ा संकट पैदा हो सकता है।





सचिव वीडी शर्मा ने कहा कि अन्य आपूर्ति बोरवेल के पानी से होती है जिसकी टीडीएस 1000 के आसपास है जो पीने लायक नहीं है। कोषाध्यक्ष ललित पांडे ने बताया कि विंडसर एंड नोवा अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन जीडीए को लगभग 80 लाख रुपए अनुरक्षण शुल्क के नाम पर देती है, ऐसे में जीडीए की जिम्मेदारी और कर्तव्य बनता है कि हंड्रेड परसेंट बेसिस पर गंगाजल सोसाइटी में उपलब्ध कराया जाये। उपाध्यक्ष मयंक कौशिक ने कहा कि अभी हाल में सोसाइटी से सटी हुई साया गोल्ड में 200 से ज्यादा लोग दूषित पानी पीने से बीमार पड़ गए थे

हमारी सोसाइटी में भी कोई गंभीर समस्या भविष्य में ना हो उसके लिए संबंधित विभाग तुरंत एक्शन लेते हुए शुद्ध पानी की व्यवस्था सोसाइटी में अभिलंब करें।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता एव अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजू पांचाल इन दिनों अपने परिवार के साथ देवभूमि उत्तराखंड में तीर्थ यात्रा पर हैं। राजू पांचाल ने अपने परिवार के साथ बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन पल को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। अध्यात्म धर्म परिवार और संस्कार का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।